दूसरी बात ये लोग कहते हैं कि मुख्य मंत्री जाट अफसरों के खिलाफ हैं और उनको एक–एक करके निकाल रहा हैं। मैं कहता हूं कि यह इनकी बात ठीक नहीं हैं।चौधरी बंसी लाल को गर्व हैं कि वह एक बहादूर कौम के अन्दर पैदा हुआ। यह कैसे हो सकता हैं कि अगर जाट अफसर बेईमानी करता है सी0 आई0 डी0 करता हैं तो उसकी तरक्की हो जाए। अफसर चाहे किसी जाति का हो, चाहे वह वैश्य हो, ब्रह्मण हो, जाट हो, अहीर हो, गर्ज यह हैं कि कि किसी भी जाति का हो वह सबके साथ

एक जैसा व्यवहार किया जाता हैं। इस प्रकार का नारा लगाकर अगर चीफ मिनिस्टर को बदनाम किया जाए तो यह बात चलने वाली नहीं हैं। तो, चेयरमैन साहब इनकी बात अब खत्म हो चुकी हैं। इन्होंनें जो नोकाफीडेंस मोशन रखा था वह भी वापिस ले लिया हैं। यह भी एक प्रकार से इनकी हार हैं मैं तो इनसे यही कहूंगा कि तीन साल तक तो ये चुप रहे और सरकार को चलने दें। आखिर में चेयरमैन साहब, जो शुक्रिया का प्रस्ताव चौधरी रणबीर सिंह की तरफ से आया उसका मैं अनुमोदन करता हूं , जो ऐड्रैस में बहुत अच्छी बाते कहीं गई हैं। मैं समझता हूं कि उसका समर्थन करना ही मुनासिब होगा।

श्री मंगल सैन (रोहतक): चेयरमैन साहब, आपका मैं बहुत आभारी हूं कि आपने राज्यपाल महोदय के भाषण पर मुझे बोलने का मौका दिया। 13 तारीख, शुक्रवार को जब हम आए और राज्यपाल महोदय ने उस दिन अपना भाषण पढ़ना था, उस दिन तो हम नहीं बैठ सके क्योंकि हम यह कहकर चले गए कि इस खूनी सरकार की बात जिसने निर्दोष, अबोध, और उभरी हुई जवानियों को कतल किया हैं ऐसी कातिल सरकार द्वारा तैयार किया भाषणजो है उसको हम सुनना नहीं चाहते। एक मैम्बर महोदय ने कहा कि हमने बड़ी अशिष्टता की। चेयरमैन साहब आप तो बड़े पराने पार्लियामेन्टेरियन रहे हैं आप जानते हैं कि वह हमारा अधिकार हैं हमारे भावनांए हमारे जजबात इतने बेकाबू थे कि हम राज्यपाल के ऐड्रैस को नही सुन सकें। चेयरमैन साहब

मैंनें उनका सारा ऐड्रैस पढ़ा हैं और ऐड्रस के समर्थन में जो धन्यवाद प्रस्ताव चौधरी रणबीर सिंह ने रखा हैं मैंने उसको बड़े गौर से पढ़ा और उसके अनुमोदन में यहां इस हाउस में आनरबेल मेम्बर जो नारनौल के प्रतिनिधि हैं, उनके बाद जो भिवानी के विधायक हैं और कांग्रेस के सचिव हैं उनका भी लच्छेदार भाषण सुना तथा वही नेकीराम हैं जो रेवाड़ी में हमारे साथ गये थें। और जिन्होंनें कहा था कि बंसी लाल बड़ी मनमानी करता हैं। राज्यपाल की सेवा में भी हम गए थे। मैं बड़े गौर से देख रहा था कि नेकी राम वहीं हैं जो सर छोटूराम के दामाद होते हैं या और कोई हैं? एक वो छोटूराम थे जो कि इतने मतबूत थे और एक ये हैं।

जब ये लोग दिल्ली से हवाई जहाज द्वारा मद्रास गए थे, चंडीगढ़ का केस डी0 एम0 के0 के नेता के पास लेकर, तो इन बेचारों को कितनी परेशानी हुई थी।

वित्त मंत्री (श्रीमति ओम प्रभा जैन): हमको कोई परेशानी नहीं हुई थी।

श्री मंगल सैनः और वहां जाकर कहा कि हे करूणानिधि महोदय हम पर करूणा करो हम कुछ नहीं कर सकते कृपया हमारी कुछ सहायता करो। करूणानिधि जी ने कहा कि हमने तो अपनी करूणा गुरनाम सिंह पर कर दी हैं। अब कुछ होने वाल नही हैं इस हरियाणा की 81 लाख जनता, जिसमें किसान, मजदूर सरकारी मुलजिमों खेतों में हल चलाने वाले शामिल हैं, ने आपके कामों

को देखा हैं आपके कारनामें देखे हैं जिनके बारे में रोना रोया जा रहा हैं।

चेयरमैन साहब, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि राज्यपाल महोदया के भाषण में कहा गया हैं कि हमारा प्रशासन बहुत अच्छा हैं। मैं दर्जनों अफसरों को जानता हूं जो कि आई0 पी0 एस0 अफसर हैं जो कि बेचारे यहां से डर के मारे भाग गए हैं क्योंकि यहां के प्रशासन में बहुत ज्यादा हस्तक्षेप किया जाता हैं। इन्होंनें एक एस0 एस0 बोर्ड बनाया जबकि यहां से पहले ही पब्लिक सर्विस कमीशन हैं। यह इस लिए बनाया हैं क्योंकि इन्हें एक ऐडवोकेट–जनरल को नियुक्त करना था। इनको हरियाणा में कोई एडवोकेट–जनरल नहीं मिला तो एक कांग्रेस को ढूढकर लाए क्योकि अन्याय के और गलत काम जो करवाने थे। वह रिकार्ड हैं कि इतने रिट अभी तक किसी चीफ मिनिस्टर के खिलाफ ऐडमिट नहीं हुए जितने की अब मुख्यमंत्री के खिलाफ हाई कोर्ट में ऐडमिट हुए हैं। हम तो प्रताप सिंह कैंरों को ही कहते थे कि और उसके लिए हमने एक कमिशन मुकरर्र करवाया था तो कमीशन वाली बात तो देखी जाएगी । इनके काम तो चेयरमैन साहब अब आप देख लीजिए।

वह आदमी जो एम0 एल0 ए0 का चुनव हारा। वे पोलीटीकल डिफीटिड हैं उन्हें को यह सरकार ऊंची जगहों पर लगा रही है।

चेयरमैन साहब, इससे बढ़कर भ्रष्टाचार क्या हो सकता हैं? इतना ही नहीं, मैं निवेदन करना चाहता हूं क्योकि मूझे अपने विषय पर फिर लौट कर आना हैं, मैं बहिन जी का ध्यान एक बात की ओर दिलाना चाहता हूं। बहन जी ने कहा था, कि हिन्दी हमारी राजभाषा हैं और 26 जनवरी, 1969 से हिन्दी में काम काज शुरू कर दिया गया हैं। अभी–अभी काल अटैशन नोटिस मेरा रिजैक्ट हुआ हैं और कहा गया हैं कि राज्यपाल के अभिभाषण पर कोई बात नहीं कही जा सकती। बहिन जी ने भाषा विभाग के कर्मचारियों पर 80 फीसदी कट लगाया। डेढ़–पौने दो सौ कर्मचारी ट्रिपल ग्रेजुएट नहीं, पोस्ट ग्रेजुएट नहीं बल्कि चार–चार एम0 ए0 पास है, 19–19 साल का उनका अनुभव हैं। वहां से हटा दिया गया, क्यों हटा दिया गया, उसका कारण बहिन जी स्वंय बतायेंगी। अभी हमें हरियाणा की उप–भाषाओं का विकास करना हैं। भाषा के लोक साहित्य का विकास करना हैं। शोध कार्य भी बाकी हैं। अभी राज्य के 30 फीसदी महकमों में हिन्दी का प्रचलन हुआ है। हमारे कई सचिव, सैक्रेटरी महोदयों को हिन्दी मे हस्ताक्षर भी नहीं करने आते।

चेयरमैन साहब, मुझे एक बात रोहतक के बारे मे कहनी थी जिसका मुझे सेवा करने का मौका पिछली चौथी टर्न से मिल रहा हैं। रोहतक का एक विचित्र वातावरण हैं, यह नगर बड़ी पुरानी हैं, बड़ी महत्वपूर्ण हैं और ऐजुकेशन का, शिक्षा का, बड़ी भारी केन्द्र हैं।

मैं सरकार से आपके द्वारा कहना चाहता हूं कि आपकी पंजाब यूनिवर्सिटी तो आप पंजाब में जाने देंगे। अगर हमारे संधर्ष से, आपके चले जाने और जनता के प्रतिनिधियों बननी आवश्यक हैं।

चेयरमैन साहब, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि इस हाउस मे राज्यपाल महोदय ने कहा कि जब चंडीगढ़ का निर्णय हुआ तो पब्लिक और अपोजीशन को शांक लग गया, झटका लगा। चेयरमैन साहब, गवर्नर साहब ने संभलकर, संवरकर नपे तुल–तुले शब्दों का प्रयोग किया कि कही उसके अर्थ कुछ और न लग जांए लेकिन वह जन भवनाओं को रोक नही सकें। जनता को शाक लगा। इसमें कोंई शक वाली बात नहीं। हमें कहा गया कि सारी शरारत अपोजीशन वालों की हैं। गुनाह इनका, पाप इनके, इनके जुर्म, और मत्थे हमारे मढ़ रहे है और अपनी नाकामयबी को छुपाना चाहते हैं। मुझे बड़ी प्रसन्नता हैं कि अभी भी कुछ अंश इधर बैठे हुए लोग स्वाभिमानी हैं, जिन की आत्मा की आवाज हैं, समय आने पर वह भी अभिव्यक्त होती हैं, वह एक्सप्रैस होती हैं। चेयरमैन साहब, मैं उन मित्रों को दाद दिये बिना नहीं रह सकता जिन्होंनें उस लंगोटी वाले के पथ का अनुसरण किया हैं। मैं उन आत्माओं को जगाना चाहता हूं जिन की आत्माए सोई हुई हैं। जरा आप अपने हृदय को टटोल कर देखें कि जो कुछ आपने चंडीगढ़ के मामले पर किया हैं, वह क्या सही हैं या गल्त? हमें कहते हो कि हम बच्चो के जजबात को

उभारते हैं, खराब करते हैं, एक्साप्लायट करते हैं। किसने उभारा इसको। मुझे वह दिन याद हैं जिस दिन सघर्ष समिति की यहां पर चर्चा हो रही थी। प्रोफैसर शेर सिंह ने बनवायी थी और प्रोफैसर शेर सिंह के पराम मित्र आचार्य भगवान देव जी उसके नेता थे। बनारसी दास गुप्ता वहां मीटिंग में गये और लच्छेदार भाषण देते रहे। बंसी लाल जी से मेरी बात हुई। मैं उसको छिपाने के लिये तैयार नहीं तो मैं निवेदन करना चाहता हूं। इनके आवहन पर हरियाणा बन्ध हुआ, एक बार बन्ध हुआ, दूसरी बार बन्ध हुआ और जब हम पर इल्जाम लगाते हो कि साहब तुमने जना को भड़काया था। चेयरमैन साहब बंसी लाल जी की समाचार पत्रों की कटिंगगज मेरे पास बोलने के लिए थोड़ा समय हैं, इसलिए डिटेल में नही बता सकता। आप अगस्त के बाद समाचार–पत्रों को पढ़ कर देख लीजिए। जनवरी के दूसरे हफ्ते के बाद इन्होंनें बोलना बन्द कर दिया। बोलना भूल गये, इसलिये भूल गये कि इन्दिरा जी ने कहा 'खबरदार अगर तुमने हमारे मार्ग में रूकावट डाली'। इसके बाद हम कहने लगे कि मैं इस्तीफा देकर चला जाऊंगा। मैं नहीं झुकूगां, अगर चंडीगढ़ न मिला। चेयरमैन साहब, उन भवनाओं पर लोगों ने विश्वास रखा की चंडीगढ़ नहीं जाएगा। हरियाणा की जनता को रंज किस बात का हैं? आदरणीय प्रधान मंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी के पास गये। हमें कहा गया कि हम दवाब में नहीं आएगें, प्रैशर में नही आएगें। हरियाणा के साथ न्याय होगा। चौधरी रणधीर सिंह जैसे हरियाणा के एम0 पी0 वहां ड्रामा करते रहें और उदय सिंह मान का 43 दिन का व्रत तुड़वाकर अपना

फोटो खिचवाने के लिये चार दिन का नौटंकी का नाटक वहां पर कर बैठं, राजेन्द्र जी शहादती हैं जो मकान जलाए गये वे उनके भतीजे ने जलाए ताकि कम्पनसेशन मिल सकें। चेयरमैन साहब, मैं कहना चाहता हूं कि हमे प्रधानमन्त्री पर विश्वास था, उस महाराष्ट्र के चौहान पर विश्वास था, जो अपने आपको कहता था कि मैं छत्रपति शिवजी की सन्तान हूं, मैं दबूंगा नही। 26 जनवरी आई, वह पवित्र पावन दिवस, जिस दिन भारत के पवित्रता संग्राम के सेनानी उस वक्त पवित्र रावी के तट पर खड़े होकर कहते थे कि स्वाधीनता भारत का जन्मसिद्ध अधिकार हैं। चेयरमैन साहब, किस प्रशैर से इन्दिरा जी दब गयी थी? जब पंजाब में रेले रोकी गई, बसों रोकी गई, स्टेट बैकों का घेराव किया गया, डाकखानों का घेराव किया, इन्कमटैक्स के दफ्तर का घेराव किया गया और तिरगें झण्डे को, जिसे 26 जनवरी के दिन प्रत्येक भारतीय नागरिक अपने घरों के ऊपर लगाकर, स्वीधनता दिवस मानता हैं, गणतन्त्र दिवस मानता हैं, चेयरमैन साहब, उस दिन लुधियान और अमृतसर में राष्ट्रीय पताका का अपमान हुआ उस को फाड़ा गया। चेयरमैन साहब, हमारे पूज्य महात्मा गांधी के बुत को जिस प्रकार तोड़ा गया, उस पर हमें रानेा आता हैं। सरकार हमारे जजबातों से खेलती हैं। अमृतसर के बाग में हथौड़े से उसका सर फोड़ा गया, बाजू तोड़ा गया और ऐसी अवस्था में इंदिरा जी का संदेश आता हैं कि हमने हथियार फेंके दिये। क्या बंसी लाल ने और उनके दोस्तों ने यह समझ लिया कि हरियाणा में कायर लोग, बुजदिल लोग बसते हैं और पंजाब में जवान लोग, ताकतवर लोग, बस्ते

हैं? चेयरमैन साहब, गवर्नमैंट आफ इंडिया और बंसी लाल इस बात के जिम्मेदार हैं ये हम पर इल्जाम लगाते हैं कि प्रीप्लैण्ड था। क्या उस वक्त इनकी कमर को लकवा मार गया था, पैरालाइज हो गया था ? यह बन्दोबस्त नहीं कर सकते थे? इनका कर्तव्य था कि यह बन्दोबस्त करते, डाकखानों पर, रेलवे स्टेशनों और लाइनों पर पुलिस भेजते।

बंसी लाल जी ने 29 तारीख को फैसला सुना और हमारे जख्मों पर नमक छिड़का। हिन्दोस्तान टाईमज अखबार देखिये, फ्रन्ट पेज पर छपा हुआ हैं कि हरियाणा के जजबात का खुन करके हमारे मुख्य मंत्री सरकार गुरनाम सिंह के साथ खड़े हंस रहे हैं कि मैं बड़ी ढिठाई के साथ मैदान हार चुका हूं और अब क्या फरमाते हैं कि हम ने बड़ा तीर मारा हैं? क्या करेंगे चण्डीगढ़ को, हमने फाजिल्का ले लिया है। लेकिन हमारे बुजुर्ग साथी चौधरी रणबीर सिंह को अपनी जवानी की याद आ गई। विधान सभा में रोमांस की बात करने लगे, चेयरमैन साहब, मुझे तो ऐसा मौका नहीं मिला। तो मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि यह कह रहे थे कि चंडीगढ़ नई दुल्हन हैं, पाऊडर से मार्डन लिप्सटिक से सजी हुई हैं। दिल्ली तो पुरानी दुल्हन हैं। वह पतिव्रता हैं, वह अर्धांगिनी हैं, धर्मपत्नी हैं, मानेगी नहीं। चंण्डीगढ़ तो ले नहीं सके अब दिल्ली जाओगे वहां पर वह आपका पिटने वालों का स्वागत करेंगे फूलों की माला से। इन हमारे मित्रों ने कहा दिया कि फाजिल्का मिल गया, 5 मील छोड़ करके पांच सौ

मील का एरिया मिल गया, हमारे गले में माला डालो, हमारी जय जयकार करों। चौधरी नेकी राम ने खुश होकर हाथी पर जलूस निकाला, यह बहुत अच्छा किया हैं। चेयरमैन साहब, अपनी आत्मा को टटोल कर देखें कि क्या यह बात ठीक हैं, क्या इन्होंनें मैदान मारा हैं? एक पहलवान मैदान में चारों शाने चित्त हो जाये और पिटने के बाद कहे कि नहीं जी पीठ नहीं लगी हैं। चूतड़ झाड़ कर खड़ा हो जाये। चेयरमैन साहब, फाजिल्का दिया किसने था? इन कांग्रेसियों ने दिया था। प्रो0 शेर सिंह बहुत सज्जन आदमी है, एक बार सरदार प्रताप सिंह कैंरों झझर गये थे और इन्होंनें इनके स्वभाव को उनकी मुद्रा को देखकर तारीफ की थी ये बड़े नेक आदमी हैं। उन्होंनें बड़े आदर से कहा कि यह हरियाणा की कूड़ी हैं। चेयरमैन साहब, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि यह क्या तीर मार आए हैं? अब इल्जाम हमारे सिर पर लगाते हैं कि चंडीगढ़ हमने महरूम कर दिया जबकि अगूठे लगाकर इन्होंनें दिये थे। तो चेयरमैंन साहब, मैं आप से यह कहना चाहता हूं कि सरकार फाजिल्का के बारे में चर्चा करती हैं कि इन्होंनें मैदान मारा हैं, जैसे एक कहावत हैं किसी आदमी की किसी ने पगड़ी उतार ली थी। पंचायत में उसे जलील किया गया और बाद में उसे 10 किलो बिनौले पकड़ा दिये गये थे। कि इसको खेत में बो देना, कपास निकलेगी। यह पगड़ी मैली हो गयी थी, इसलिए आपको सूट नही करती थी। यही कहावत चंडीगढ़ पर लागू होती हैं। कहते हैं कि चंडीगढ़ महंगा हैं, रंग रोगन करवाने में सारे हरियाणा का पैसा खर्च हो जाएगा। बनारसी दास गुप्ता जी, पता

नहीं कहां चले गये भगवान जाने किधर चले गये। जब हम लोग दिल्ली में बैठे थे तो हमारे वजीरन अशोक होटल दिल्ली में अपनी थकावट दूर कर रहे थें, और बाकी एम0 एल0 एज0 हांसी और हिसार में भागे–भागे फिर रहे थें। हम लोग हांसी, भिवानी, रोहतक, रिवाड़ी, करनाल में यानी हरियाणा के हर गांव में गये और लोगों से कहा कि चंडीगढ़ का सवाल हरियाणा की आबरू का सवाल हैं, इज्जत का सवाल हैं, वह मुख्यमंत्री को कहते हैं कि हमारा तुम को अनकन्डीशन समर्थन हैं। आप सेन्ट्रल गवर्नमैंट को कह दो की चंडीगढ़ के मामले में हम झुकेंगें नहीं इस बात पर मुख्यमंत्री ने कहा था कि अगर चंडीगढ़ हमें नही मिला तो मैं त्याग पत्र दूंगा। इस बात के अखबारात गवाह हैं, आप भी गवाह हैं। मैं तो उस दिन था नहीं और न ही मुझे पता था कि यह अन–फन्डीशनल स्पोर्ट हैं। फिर हम पर भी यह इल्जाम लगाते हैं कि अपोजीशन वाले भोली–भाली जनता को भड़का देते हैं। हवाई जहाज के जरिये दिल्ली से आप चंडीगढ़ में आकर बैठ गये और जनता को रिजर्व पुलिस के सहारे, फौज के सहारे पर छोड़ दिया। ये हम को पूछते हैं कि तुम कहां थे? हम तो जनता के बीच में थे, उन घायलों के बीच में थे उन मृतक परिवारों के बीच में थे जो बेचारे अपने इकलौते बेटों की मृत्यु पर शोक कर रहे थे। हरियाणा की आबरू की रक्षा उन नौजवानों ने की हैं, वह हम नहीं कर सकते। उन नौजवानों की जजबात की कदर करने के लिए ये लोग सहानुभुति का एक शब्द भी मुंह से नहीं निकाल सकते। जब हम यह कहते हैं कि हमारा दिल रोता हैं, हरियाणा के दर्जनो घर

ऐसे है जिनके चिराग बुझ गये हैं, सुहाग लुट गये हैं, लेकिन इनके लिए सरकार के पास एक शब्द भी नहीं हैं, इन्दिरा जी के पास नहीं हैं कि उनकी सराहना करती। यह हरियाणा सरकार हैं कोई विदेशी सरकार नहीं हैं। चेयरमैंन साहब, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे जजबात के साथ उन्होंनें बड़ा खिलवाड़ किया हैं हमारे जजबात को ठेस पहुंचाई हैं। (व्यधान) चेयरमैन साहब, मेरी बात बड़ी सिम्पल हैं। चंडीगढ़ पंजाब को दिये जाने वाली बात अच्छी हैं, तो रेफरेन्डम करवा के देख लें। मैं आपको चेलैंज करता हूं कि अगर जनता कहेगी कि तुमने अच्छा काम किया हैं, जो चंडीगढ़ को पंजाब को दे दिया हैं तो हम कान पकड़ लेंगे कि यह बिल्कुल ठीक फैसला हुआ हैं।

अगर जानता ने कहा कि हमारा अपमान किया गया हैं तो आप ही फैसला कर लें कि आप क्या करेंगे। उनको यह वहम हो गया था कि कहीं बंसी लाल की मिनिस्ट्री चली न जाये। हम जनता के प्रतिनिधि बनकर आये थे, कभी बजीर बनने की बात नहीं सोची। पोसवाल जी पता नहीं कैसे जोश में आ गये। वह मुझे कहने लगे कि तुम तो घटिया सरकारन के भी मंत्री नहीं बने। तो चेयरमैन साहब विधायक होना साधारण सी बात हैं। विधाता की मर्जी जनता की इच्छा हैं। हम कहते हैं कि जनता से पूछो कि हमने ठीक किया था य गल्त किया था? उस पर आप रायें जान लें। परसों, बसी लाल, रणधीर सिंह, मुख्तियार सिह, मैं और एक दो मैम्बर और आये थे, उन्होंनें कुछ स्टूडैन्स को बुलाया हुआ था

और उन से खुद मिलना चाहते थे। बताचीत करने पर उनको कहा गया कि बच्चों तुम जाओ, तुम कुछ मत करो, जो तुम्हारी मांगे हैं, उन पर सिम्पेथैटीकली विचार करेंगे और निर्णय देंगे। आप आराम से बैठ जाओ।

चेयरमैन साहब, इतना ही नहीं 15 तारीख को सोनीपत में चौधरी रिजक राम के सम्मान में एक सभा हो रही थी जिसकी आज्ञा पहले से ली हुई थी। उस में पुलिस ने रिजक राम को पकड़ लिया और लोगों पर लाठी चार्ज किया। लोगों को पकड़ कर ले गये। जब लोग वहां से जमानत पर रिहा होकर आ रहे थे तो रोहतक के पास घेर ही गई और एस0 पी0, डी0 एस0 पी0 ने हमारे लाडलो को डंडों से पीटा। उनका सारा शरीर सूजा हुआ था। चेयरमैन साहब, क्या यह हरियाणाा में आग लगाने वाली बात नहीं हैं। मैं बंसीलाल से यह कह देना चाहता हुं कि यह मत समझना कि लाठियो और गोलियों से सरकार चला करती हैं। अगर लाठियों और गोलियों से चलती होती तो अंग्रेज दरिंदा यहां से न जाता। भारत की आजादी को उनकी लाठियां और गोलियों न रोक सकी। मैं बंसीलाल जी से कहना चाहता हूं, आपको बड़ी सुविधा मिलती हैं, आप अपनी आत्मा की आवाज को सुनो, लिहाज मत करो। आपकी आत्मा जा कहती हैं, उसको आप करो अगर फिर भी आप समझते हैं कि यह जुल्मोसितम, यह अत्यचार, ठीक है, तो करते जाइए, इन शब्दों के साथ चेयरमैंन साहब, मैं अपनी

स्पीच वाई ड–अप करता हूं तथा अपील करता हूं कि इन अत्याचारों की जुडिशीयल इन्क्वायरी करवाई जाए।

चौधरी प्रताप सिंह दौलतपुर (बड़ोपल): चेयरमैन साहब, गवर्नर साहब का एड्रेस मैंने सुना तो नहीं लेकिन पढ़ा जरूर हैं। जिस तरह से आज चंडीगढ़ के बिना हरियाणा फीका–फीका नजर आता हैं, उसी तरह से गवर्नर साहब का एड्रैस भी लाईफलैस हैं, क्यों चंडीगढ़ के मामले में जब हम पीछे से लेते हैं, तो मालूम होता हैं कि कांग्रेस सरकार ने सैन्टर में, और प्रदेश सरकार ने हमारे साथ बहुत बेइन्साफी की हैं क्यों कि सेन्ट्रल गवर्नमैट ने यह फैसला किया हुआ था कि पंजाब को दो भागों में पजाबी सूबा और हरियाणा में बांटा जाएगा।

जनाब, शाह कमीशन ने यह फैसला किया था कि खरड़ तहसील इन्क्लूडिग चंडीगढ़ विल टू हरियाणा। तो उसमें से खरड़ तहसील और लालडू तो तभी पंजाब में चले गए थे और चंडीगढ़ यूनियन टैरीटरी बन गया था। जब हमारी गवर्नमैंट बनी तो राव साहब ने यह सवाल पैदा किया कि चंडीगढ़ और खरड़ तहसील शाह कमिशन के फैसले के मुताबिक हरियाणा की है और भखड़ा जो चौधरी छोटूराम का ख्वाब था वह भी हरियाणा को मिलना चाहिए। इसके लिए कोई आरबीट्रेशन का सवाल पैदा नहीं होता। उस दिन से सघर्ष शुरू हो गया था। इसा हाउस ने यह रेजोल्यूशन पास किया था कि चंडीगढ़ हरियाणा का हैं और चीफ मिनस्टर ने यह विश्वास दिलाया था कि चंडीगढ़ मैं ले कर रहूंगा।

लेकिन उसके बाद इन्होंनें अपोजीशन को कानफिडेंस में नही लिया। इन्होंनें कभी बुलाया तक नहीं। हम देखते रहे कि चीफ मिनिस्टर क्या करते हैं? लेकिन अंत में यह हुआ कि प्रैशर और टैक्टिक्स के दबाव में आ कर चंडीगढ़ पंजाब को दे दिया गया और उनको फसे सेंविग के लिए फाजिल्का के इलाके जो हिन्दी स्पीकिंग हैं, हरियाणा को दे दिए।

इस तहसील के पहले 286 गांव थे जिसको तोड़कर 225 तो पहले ही कर दिए गए थे जिनका जिक्र हैं कि हिन्दी स्पीकिग हैं। कुछ तो पहले ही कम हो गये और जो 107 गांव हरियाणा को मिलेंगे अब उनमें से कुछ राजस्थान के साथ रेगिस्तानी इलाके हैं, वह मिलेंगे तो क्या मिला? यह कहते हैं बड़े जरखेज हैं। किसने देखें हैं कि वे जरखेज हैं। अबोहर का 1000 एकड़ का फार्म हमें मिला और पंजाब को 12000 एकड़ का मिला। फिर यह फाजिल्का तहसील मिलने की डींग मारते हैं। यह बिल्कुल बेमानी है। आपने इस हरियाणा के लिए कितनी बड़ी हूयूमिलिएशन ली हैं इसका आपको क्या पता हैं? आप सब भूल गए कि आपने बंध किए, बड़े–बड़े प्रदर्शन किए और हमें कहते हो कि बच्चों को आग लगाने के काम में हमने लगाया। असलियत यह हैं कि आप बतांए अगर कहीं भी हमने वाइलेंस की हों, कहीं भी ऐजीटेशन किया हो। 1947 के बाद पैदा होने वाले बच्चे जागृति चाहते हैं। उनके दिमाग स्वतंत्र हैं। वह धोखा नहीं चाहते। बहादुर बच्चे हैं। यहीं बच्चे हैं जो पाकिस्तान और चीन की सीमा पर

छातीतान कर लड़े हैं और कुर्बानियां दी हैं। वह क्यों मरते हैं? पता है आपको? वह अपनी आन पर मरते हैं।

चीफ मिनिस्टर साहब ने कहा था चंडीगढ़ हमारा हैं, हम ले के रहेंगें। जब आपने यही करना था तो क्या जरूरत थी कहने की उस वक्त और क्या जरूरत थी लोगों की सेंटीमेंट्स भड़काने की? आपने क्या यह अपने मैनीफेस्टी मं नहीं कहा था कि अगर कांग्रेस गवर्नमैंट बनी तो चंडीगढ़ हरियाणा को ले कर देगी। और जब उसके बाद इतना बड़ा बिट्रयेल किया इसके लिए कौन जिम्मेदार हैं? हरियाणा के साथ इतना बड़ा धोखा किया और सोचते हो कि अब कोई शोर न मचाए।

श्री चेयरमैनः आप किसको मुखातिब हो कर ऐड्रेस कर रहे हैं? चेयर को ऐड्रस कीजिए।

चौधरी प्रताप सिंह दौलतपुरः जनाब चेयरमैंन साहब, 29 तारीख की शाम को यह फैसला कर दिया गया कि चंडीगढ़ पंजाब को जाएगा। लेकिन 26 से लेकर 28 तक क्या–क्या हुआ पंजाब में? झंडें जलाए गए। गांधी जी को गालियां दी गई। रेल गाडियां तोड़ दी गई लेकिन कहीं कोई लाठी चार्ज नहीं हुआ और कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। और जब–जब आग लग रही थी और प्रोपर्टी सेब कर पाए। और फिर आपने टियर गैस फेंकी और धड़ाधड़ गोलियां चलाई। क्या पहले आपके यह पता नहीं था कि यह होने वाला हैं? मैं, चेयरमैन साहब, उस रोज रिवाड़ी में था 30 तारीख

को। मैंने खुद देखा जिस तरह से गोलियां चलती रही और जिस तरह से बच्चे मारे जाते रहे। सड़को के ऊपर हाथ खड़े किए हुए साइकिलों पर जाते हुए इन्होंनें बच्चे मार दिए। और जब हमने इन्क्वायरी की मांग की हैं तो इन्होंनें इन्कार कर दिया है।

जनाब कहते हैं कि डेमोक्रेसी आफ दी पीपल, फार पीपल एंड बाइ दी पीपल होती हैं लेकिन यह इनको डैमोक्रेटिक गवर्नमैंट बुलैट की और लाठी की गवर्नमैंट हैं और बुलेट और लाठी की डैमोक्रेसी हैं इनकी। इनको क्या पता नहीं कि 1942 में अंग्रेजों को निकालने के लिए जब अन्दोलन शुरू हुआ था तो 10 दिन तक सारे हिन्दुस्तान में आग लगी थी और अंग्रेज देखते रहे थे लेकिन अब इन्होनें जरा सा भी सब्र न की और सब से पहला हथियार इन्होंनें गोलियों को इस्तेमाल किया। और अभी 15 तारीख को क्या किया? जनता ने एक कानफ्रैंस रख ली तो आपने गिरफ्तार कर लिया और पुलिस कस्टडी में उनकी पिटाई की गई। जनाब जनता के पैशन्ज एराइज करने की जिम्मेदारी इस कांग्रेस की हैं और इस तरह से पुलिस से पिटाई कराने की जिम्मेदारी आपकी हैं

जहां तक अब एग्रीकल्चर प्रोडक्शन की सवाल हैं तो देखिए क्या ऐग्रीकल्चर प्रोडक्शन हुई आपके रिजीम में । जबकि 1967–68 में हमने 20 लाख टन से लेकर 40 लाख टन तक कर दी थी। हमने किसानों को सुविधाएं दी थी। चाही और बिजली के रेट कम किए। लैन्ड रेवन्यू 5 एकड़ तक हटाने का वायदा किया।

किसानों को उनकी पैदावाद के भाग दिलाए फरटीलाईजर इन्सैक्टीसाईड की इमदाद दी।

श्रीमति ओम प्रभा जैनः पानी बरस गया था उस साल।

चौधरी प्रताप सिंह दौलतपुरः यही नहीं चेयरमैन साहब, हमने ऐसा प्रबन्ध किया था जब किसान अपनी फसल बेचने जायेंगे तो उसे पूरी कीमत मिलेगी और अगर कोई खरीदने जाएगा तो उसे ठीक भाव मिलेगा और आपने जमींदार को क्या इंसेटिव दिया, कुछ भी नहीं। प्राइस सुपीरियर की बात करते हैं जमीदार ने गेहूं 75 रूपये बेची थी, अब कीमत 120 रूपया हैं और कुछ दिन पहले जो कपास 125 रूपये बेची, अब भाव 200 रूपये हैं। इरीगेशन की बात जाने दीजिए क्या जो आपके एक्ट हैं उनकी 22 साल में कोई तरमीम हुई? आपने जमीदारों की तकलीफ को कभी सोचा? यहां तक हालत है कि अगर एक एकड़ बारानी जमीन को नहरी करना हैं तो वह बिक जाती हैं। (इस समय उपाध्यक्षा कुर्सी पर विराजमान हुई) अगर कोई आदमी इस गर्ज से दरखास्त देता हैं कि उसकी जमीन दो जगह हैं, उसे एक जगह कर दिया जाए तो उस दरखास्त की कोई सुनवाई नहीं होती। इसलिये एक्ट में तरीम करने की जरूरत हैं ताकि लोगों को सुविधा मिलें। इसके इलावा जहां पर ट्यूबवैल कामयाब हैं वहां पर लोगों को इलैक्ट्रिसिटी देने का प्रबंध किया जाए। इसके इलावा जहां पर रेतली जमीनें हैं वहां पर पक्की नालियां बनाने का प्रबन्ध करना चाहिए। उपाध्यक्ष महोदय रोजना एक्स0 ई0 एन0 के **(4.00 P.M.)** पास पांच–पांच

सौ आदमी जाते हैं, अगर उनको तकलीफ न हा तो वहां पर जाने की क्या जरूरत हैं? प्रोसीजर इन्होंनें इतना मुश्किल बना रखा हैं कि लोग बेचारे छः–छः महीने धक्के खाते रहते हैं। न तो किसी ओवरसियर को पावर दे रखी हैं और न किसी एस0 डी0 ओ0 को पावर हैं, कागज पहले नीचे से एक्स0 ई0 एन0 तक जाता हैं और फिर उसी तरह से नीचे से ऊपर को आता हैं जिस में बहुत समय लगाता हैं। तो आप प्रोसीजर भी आसान करना चाहिए। जहां तक प्रोडेक्शन इन्क्रीज करने का सवाल हैं वह तो हम ने की थी, अगर आप भी इस के लिए सिंसीयर हैं तो आपको किसानों को ज्यादा से ज्यादा सहूलतें देनी चाहिए। खाद की कीमत देख लीजिए उस वक्त क्या थी और आज क्या हैं? आज क्या आप इनको कोई सबसिडी दे रहे हैं या उनकी कोई इमदाद कर रहे हैं? आपको उनकी पूरी तरह से सहूलतें देनी चाहिए और जो लैडरवैन्यू हैं वह कम करना चाहिए।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, फिर इन्होनें एक लाटरी की स्कीम चला दी जिस के कारण पैदा होने वाले बच्चों के खून में भी जुए का असर चला गया हैं, वह बेचारे अपनी पाकेटमनी इक्ट्ठी करके टिकटें खरीदते हैं।

श्रीमति ओम प्रभा जैनः ऐसी कोई शिकायत हैं तो आप मुझे लिखकर दीजिए।

चौधरी प्रताप सिंह दौलतपुरः आपको कहां फुरसत हैं शिकायत पढ़ने की ? डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैंने कभी यह टिकट खरीदे नहीं थे लेकिन पिछले महीने पांच रूपए के खरीदे हैं और इस महीने भी खरीदे हैं। मैं समझाता हूं। कि यह तो अननसैसरी इवल हैं क्योंकि यह लोगों की जुआ खेलने वाली आदत डाली जा रही है।

उपाध्यक्षाः आप की तरफ से श्री जायसवाल भी बोलना चाहते हैं अगर आप बोलते रहे तो उनको टाईम नहीं मिलेगा, इसलिए अब आप खत्म करे।

चौधरी प्रताप सिंह दौलतपुरः मैं जल्दी ही खत्म कर दूंगा। इंडिस्ट्रियल डिवैल्पमैंट की बाबत इन्होंनें कहा कि हम जमीन एक्वायर कर रहे हैं। मैं इन से पूछना चाहता हूं कि यह हम को बतांए कि पिछले डेढ़ साल में इन्होंनें कहीं पर कोई नया कारखाना लगवाया हैं? एक काटन एंड जिनिंग का कारखाना उकलाने के लिए मन्जूर हुआ था उस का कोई पता नहीं कब लगेगा, फिर जगाधरी और फरीदाबाद में थरमल प्लांट लगाने के लिए उस वक्त फैसला हुआ था लेकिन उस में सिर्फ एक बात का जिक्र आया हैं। यहां पर डिप्टी स्पीकर साहिबा, राठी साहब पहले ही बता चूके हैं कि जो कोई भी डिवेल्पमैंट का काम किया गया हैं वह भिवानी की तहसील में हुआ था, चाहे सड़के बनाने का हैं, या बिजली का हैं या और किसी किस्म का हैं। हमारे हल्को में कही किसी प्रकार का कोई काम नहीं हुआ? हमें गिला इस बात

का हैं हम भी बराबर टैक्स देते हैं इसलिए हमारे इलाकों को क्यों नजर–अंन्दाज किया जाता हैं? हमारी तरफ भी इनका ध्यान होना चाहिए। बस मैं इतना कहकर बैठता हूं।

(श्री बलवंत राय तायल की ओर से विध्न)

सूबेदार प्रभु सिंह (बवानीखेड़ा): डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरे भाई बलवंत राय जी का बड़ा फिक्र हैं कि बीमर हूं। मैं इनका धन्यवाद करता हूं यह मेरे शुभचिन्तक हैं, मैं आहिस्ता बोलूगां और इस लिए मुझे टाइम भी कुछ ज्यादा ही मिलना चाहिए। डिप्टी स्पीकर साहिबा, चूंकि मैं देहाती हूं इस लिए यह ख्वाहिश ले कर आया था कि इन शहरियों से कुछ राजनीति की बातें सीखेगें लेकिन दो तीन दिन की बहस में पुराने लीडरों ने ऐसी ड्रामाई सूरत में सारी बातें पेश की जो हरियाणा के लोग यहां पर सुनने आए वह ताज्जुब करते हैं और सोचते हैं कि यह यहां पर ड्रामा करने आते हैं यह कुछ हमारी भलाई के लिए सोच विचार करने आते हैं। मैं किसी को तानाजनी नहीं करतत, बल्कि यह मेरे दिल की आवाज हैं, जो कुछ मेरा ख्याल हैं वह मैं आपके जरिये हाउस को बता देना चाहता हूं । इन की तो दूसरों को नसीहत खुद मियां फसीहत वाली बात हैं। ऐसा कहना बहुत आसान हैं की बायां हाथ उधर कर दायां हाथ इधर कर दो मगर ऐसा काम किस तरीके से चलेगा। आप आपने दिलों को टटोल कर देखिए जिन लीडरों ने यहां पर भाषण दिए हैं आज से चन्द दिन पहले उन्होंनें यह कहा था कि चीफ मिनिस्टर को रोहतक से नहीं निकलने देंगे

और कहा कि भिवानी वालों तुम हिजड़े हो। डिप्टी स्पीकर साहिबा। मेरा कहने का मतलब हैं कि उन की इस किस्म की तकरीरों ने मासूम बच्चों के अरमानों को उभारा ।

एक आवाजः आप अपना तलफुज तो ठीक करो।

सूबेदार प्रभु सिंहः आप मेरा इरादा समझ लें बोलने का मतलब सिर्फ इतना ही होता हैं।

एक आवाजः चाचा अब बस करो अपनी बात जो कहनी है कहो।

सूबेदार प्रभु सिंहः मैं एक एम0 एल0 ए0 हूं मैं चाचा नही बेटा, डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह उधर से बात आई थी, जब मुहब्बत हो तो उसको तसलीम करना ही चाहिए। मैं कहता हूं कि जितना प्यार अब बरस रहा हैं इताना ही प्यार स्टेट की सारी प्राबलम्ज को सुलझाने के लिए लगाया जाए तो सारा मसला हल हो सकता हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं यह कहना चाहूगा कि इस वक्त जो सरकार और हमारी एडिमिनिस्ट्रेशन हैं यह पिछले डेढ़ साल से स्टेट के अन्दर मसाल की तरह चमक पैदा कर रही हैं। मैं यह नहीं कहता कि वह हरियाणा के हमदर्द नहीं हैं। दर्द उनको भी है उस दर्द से हर वक्त परेशान रहते हैं और वह दर्द गैलरियों को बताने के लिए ही हैं लेकिन गैलरी वाले सब कुछ जानते हैं कि यह सरकार शानदार भी हैं और जानदार भी हैं

(विघ्न) मैं किसी का नाम नहीं लूगा और मैं किसी का नाम लेकर कोई बात भी नहीं कही हैं.....

उपाध्यक्षाः आप अपनी तकरीर करें वक्त थोड़ा हैं और अपनी बात जल्दी कह दें।

सूबेदार प्रभु सिंहः वक्त थोड़ा हैं और मेरा ध्यान घंटी की तरफ ही हैं और जब आप घंटी बजायेंगी तो मेरी बात का सिलसिला टूट जायेगा। मैंने डाक्टर मंगल सैन की तकरीर बड़े गौर से सुनी और सुन कर मुझे बड़ी हैरानी हुई कि वह कैसी अजीब बातें करते हैं । मैं समझता था कि वे बड़े बहादूंरी से बातें करेंगे। यह बोलते भी बहुत अच्छा हैं और सड़को पर जैसे दवाइयां बेचने वाले मजमा लगाते हैं उनकी तरह बड़ा हिल–हिल कर बोलते हैं (हंसी) शोर। अगर उनको यह बात बुरी लगी हो तो नहीं कहता लेकिन यह बात वह अगर मेरे बारे में कहेंगे तो मैं मान लूगां (विघ्न) मैं आपको बुरा नहीं कहता। इन्होंनें एक बड़े इतिहास की बात कही और पुरानी पंजबी की कोई बेतुकी बात बनाकर बड़े ड्रामाई ढंग से कहा कि सरदार प्रताप सिंह कैंरों वहां झज्जर में गये तो उन्होंनें यह कहा और वह कहा प्रोफैसर शेर सिंह के बारे में कहा कि वह हरियाणा की कुड़ी हैं। उसे तो कुड़ी कहा लेकिन तेरे को रंडुआ नही कहा? (शोर) तुम भी स्टेट के रंडवे हो....

श्री मंगल सैनः आन ए प्वायंट आफ आर्डर मैंडम। डिप्टी स्पीकर साहिबा मैंने सरदार प्रताप सिंह कैंरों का हवाला देते हुए एक बात कहीं की उन्होंनें प्रोफैसर शेर सिंह के बारे में ऐसा कहा था लेकिन यह मुझे रंडुआ कह रहे हैं। अगर कोई ऐसी बात कहनी हैं तो वह मेरे बारे में बेशक कहें लेकिन कोई बात की हों तो हो। मैंने किसी को सुसर नही बनाया हैं लेकिन अगर कोई मेरे लिये बनना चाहे तो मुझे कोई ऐतराज नहीं, बन जाये। मेरी धर्मपत्नी मरी नही हैं और मैंने वही काम किया नहीं जो रंडुआ कहते हैं। लेकिन अगर वह यह बात जबरदस्ती कहेंगें तो मुझे भी कहना पडेगा कि उसका बंदोबस्त आप ही कर दें।

सूबेदार प्रभु सिंहः चलो मै हरियाणा का रंडुआ नहीं कहता लेकिन यह हरियाणा की निबाड़ कंवारे हैं और अगर इस किस्म की कोई ड्रामाई अंदाज की लड़की मिली तो....

श्री मंगल सैनः मैं समझता हूं इस किस्म की गिरी हुई और इख्लाक से गिरी बात एक्सपंज कर देनी चाहिये। अगर मैंने इनके बारे मे कुछ कह दिया तो इनको दर्द होगा। अगर इनको मैरे बात का दर्द हुआ तो कह दें कि मैंने ठीक नहीं कहा। कह तो प्रताप सिंह कौरों ने प्राफैसर शेर सिंह के बारे में कुड़ी लफ्ज नहीं कहा था...

सूबेदार प्रभु सिंहः मैं भी तो इनको निवाड़ कुंवारा ही कहता हूं और इसमे कोई गलत बाद दे.....(शोर) डिप्टी स्पीकर

साहिबा, मैं यह कहानी यही छोड़ता हूं क्योंकि मंगल सैन जी को तकलीफ हो रही हैं। अगर उनको कोई दर्द हुआ हो तो मै उनका दर्द वापस ले लेता हूं (हंसी) । मैं तो समझता था कि यह शान्तियम होगें लेकिन मैं देखता हूं कि इन में इतनी गरमी भी हैं । मैं समझता था कि जब वह कहना जानते हैं तो सुनना भी जानते होगें लेकिन मुझे अब पता चला है कि जब कह ही सकते हैं सुन नहीं सकते। लेकिन कहने वालों को सुनने की हिम्मत भी तो होनी चाहिये....

श्री मंगल सैनः डिप्टी स्पीकर साहिबा, इन्होनें तो अब सुनना और कहना शुरू किया हैं लेकिन हमने काफी समय से कहना सुनना शुरू किया हुआ हैं। अगर उन्होंनें मेरे बारे में कुछ कहना हैं तो बेशक कहें लेकिन कोई ठोस बात कहें।

उपाध्यक्षाः सूबेदार स्पीकर साहिबा, न मैं इनके बारे में बात न करें। ऐड्रैस पर ही बोलें।

सूबेदार प्रभु सिंहः डिप्टी स्पीकर साहिबा, न मैं इनके बारे में कुछ कंहूगा और न किसी और के बारे में कुछ कंहूगा और मेरे दिल में जो बलबले हैं वही बात कहूंगा कि–

'न उठेगी तलवार और न शमशीर इन से

यह बाजू मेरे अजमाये हुए हैं।

श्री मंगल सैनः वाह–वाह आपकी कुरबानियां हैं और कई बार जल गये हो? बंसी लाल जी का थैला ही उठाते फिरते हो....(शोर)

उपाध्यक्षाः देखिये मैं शोर नहीं होनी दूंगी। यह ठीक बात नहीं हैं।

सूबेदार प्रभु सिंहः ठीक हैं डिप्टी स्पीकर साहिबा, हम आपके होते हुये तवक्को करते हैं कि हाउस में शोर न हो और आप सख्ती से काम लें। आप मुझे भी रोक दें अगर मैं कोई बुरी बात करता हूं। खैर तो मैं अर्ज करना चाहता हूं कि इस ऐड्रैस में जो इस सरकार की बातें बताई गई हैं उन से मेरी इतनी तसल्ली हुई हैं कि जितनी पहले कभी नहीं हुई थी। मैं इस हाउस मैं दोबारा आया हूं लेकिन उससे पहले भी मेरा ध्यान इधर ही रहता था कि सरकार क्या काम करती हैं। आप सारा ऐड्रैस पढ़ कर देख लें कि कितनी तरक्की के काम हुये हैं। खेती–बाड़ी को बढ़ावा मिला, एडमिनिस्ट्रेशन को अच्छा बनाया और इससे कुरप्शन को दूर किया गया, सड़के बनीं और बन रहीं हैं, बिजली के जाल बिछ रहे हैं और गांव–गांव में बिजली ले जाई गई हैं और कई गुणा ट्यूबवैल लगाये गये हैं। इन सारे कामों का क्रेडिट इस बंसी लाल सरकार को जाता हैं। मै यह बात इसलिये नहीं कहता कि मैं इधर बैठा हूं। यह बात तो साफ नजर आ रही हैं। कोई अगर दो और दो चार कह दे तो इसमें कोई शक की बात नही हैं लेकिन यह समझ कर बात करना कि अगर हम दो और दो चार कहते हैं

तो उन्होंनें जरूंर दो और दो पांच कहना हैं क्योंकि वह उधर बैठते हैं तो वह हिसाब से फेल हो जायेंगे। जनता जानती हैं कि कितना काम हो रहा हैं। मैं बंसी लाल सरकार को मुबारिबाद देता हूं कि इसने लोक भलाई के अच्छे काम किये हैं और ऐडिमिनिस्ट्रेशन को बेहतर बनाया हैं। मैं इस सरकार की तारीफ इसलिये नहीं करता कि मै उस पार्टी में हूं बल्कि इस सरकार के अच्छे काम देख कर मुझे मजबूरन तारीफ करनी पड़ती हैं। इतने डिवैल्पमैंट के और हरिजन कल्याण के काम आज किसी सरकार ने नहीं किये। पिछली सरकारें 17 साल तक चलती रहीं बीच में जो आट मासीं सरकार आई थी उसका तो मैं जिक्र नहीं करता वह मालिक मुजारों के झगड़े नही खत्म कर सकी। लेकिन इस सरकार ने यह काम भी करके दिखा दिया। इस अक्लमंद सरकार ने मलिक मुजरो उनकी जमीनों की पासबुकस दे दीं ताकि कोई झगड़ा न ही न रहें और किसानो का कर्जा वगैरा लेने के लिये पटवारियों के पास फरदें लेने के लिये पीछे न फिरना पड़े। (विघ्न) यह बलवंत राये जी पूछ रहे हैं कि पास बुक्स कहां मिली हैं तो मै उनको बताना चाहता हूं कि अम्बाला जिला में पास बुक्स का काम शुरू हो गया हैं और बाकी जिलों में जल्दी शुरू हो जायेगा। कितना अक्लमंदी का काम इस सरकार ने किया हैं कि हजारों लाखों मालिक मुजारे वकीलों के चक्कर से बच गये हैं, दावों झगड़ों से बच गये हैं और अदालतों से जाने से बच गये हैं। पास बुक्स देने के बाद जमीनों झगड़े नहीं होगे। (विघ्न) लेकिन एक बात मैं माल मंत्री जी के नोटिस में लाना चाहता हूं कि इन पास

बुक्स में जो चौथाई सीरी हैं उनका भी एक कालम बना दिया जाये ताकि उनके हकूक को महफूज रखने का तरीका बन जाये। हरिजन नेता इधर भी हैं, उधर भी हैं (श्री गणपत राय की तरफ से विघ्न) भला करने में आप भी शामिल हैं, क्योंकि नाम लेने से खराबियां होती हैं। अभी–अभी एक नाम लिया था तो झगड़ा शुरू हो गया। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं बताना चाहता हूं कि इस सरकार ने हरिजनों के लिए नई रोशनी पैदा की और बिगड़े हुए, काम को सुधारा हैं। जो हरिजन भाई पिछले पांच सालों में सरकार में रहें, जो काम वे नहीं कर सकें वे काम इस सरकार ने कर के दिखाये। मैं डाक्टर साहिब से को भी कहता हूं कि, मैं सिर्फ चान्द राम जी को ही नहीं कहता, उस सरकार में आप भी शामिल थे, इससे भी पहले श्री बलवन्त राय डिप्टी मिनिस्टर थे, ये भी वे काम नहीं कर सके जो इस सरकार ने कर के दिखाये। इसमें अकेले चान्द राम जी का कोई कसूर नहीं था, कसूरवार वे थे जो उस समय सरकार चला रहे थे, चाहे वह सरकार राव साहब की सरकार हो चाहे भगवत दयाल की सरकार हो, चाहे राम किशन की सरकार हो, मैं किसी इंडिविज्वल को बलेम नहीं करता। हां मैं बात रहा था कि उस सरकार ने हरिजनों को यानी इन गरीबों को ऊपर उठाने के लिण क्या–क्या कारनामें किये, आप सुनकर हैंरान हो जायेंगे।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, सबसे पहले बात यह कि हरिजन लड़कों को वजीफं मिलते थे लेकिन वे कभी वक्त पर नहीं मिले

थे, बच्चों को बड़ी परेशानी होती थी। इस सरकार ने उनके वजीफे हर महीने देने का फैसला कर दिया और हरिजनों की तालीम को आगे बढ़ाने के लिये एक सराहनीय कदम बढ़ाया। (श्री गणपत राय की तरफ से विघ्न) डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरे भाई गणपत राय अगर उधर चले गये हैं तो कम से कम हम तो इधर बैठे हैं, इन भोले –भाले भाइयों के काम सरकार से करवाने हैं और करवातें आये हैं। अरे! इन को सुनने का सबर तो कर लो जो कुछ हमने हरिजनो के लिए करवाया हैं। आप अच्छे आदमी हैं, शानदार आदमी हैं, कोई बात नहीं आप बहक गये हैं, कोई वक्त होगा, आप फिर भी हमारे पास आओगे। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं कह राह था कि हरिजन बच्चों की प्रमोशन में रिजर्वेशन, जो कि राव सरकार ने बन्द कर दी थी इस सरकार ने शुरू कर दी हैं। जो रिक्मेंडेशन्ज स्टेट सोशल वैल्फेंयर बोर्ड में हम ने की थी वे अप्रूव हो गई हैं। कैबिनेट में अप्रूव होकर कन्फर्म हो चुकी हैं और चीफ मिनिस्टर ने वायदा किया हैं कि ज्यादा से ज्यादा प्रामोशन्ज हरिजनों को दी जाएगी। उन्होंनें हरिजन वैल्फेयर मिनिस्टर को इस के बारे में हुक्म भी दिया हैं। इस सरकार ने आज हरिजनों की प्रमोशन को रिर्जव करने का जो फैसला किया हैं उस के लिए हरिजन भाई सरकार के अभारी हैं और मुबारकबाद के मुस्तहिक है।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप हैरान होंगी कि पब्लिक सर्विस कमिशन, जब से सरकार बनी हैं तब से चला आ रहा हैं,

बहुत पहले से चलता आ रहा हैं, मगर पब्लिक सर्विस कमिशन में होता क्या हैं? मैं हाउस को बता देना चाहता हूं कि एक बार एडवरटाईजमेंट होने के बाद इन्टरव्यू पर लड़के बुला लिये जाते थे। पब्लिक सर्विस कमिशन के मैंम्बरों को यह हक था कि अगर एडवरटाईजमेंट करने पर काबिल हरिजन उम्मीदवार न मिलें तो उसकी जगह नान–हरिजन कैडिडेट को ले लिया जाता था। मगर धन्य हैं बंसी लाल सरकार को जिसने यह आर्डर कर दिया हैं कि अगर पहली बार एडवरटाईजमैंट कर के हरिजन काबिल आदमी न मिंले तो दूसरी बार करो, और अगर दूसरी बार न मिले तो तीसरी बार करो। तीसरी बार भी गवर्नमेंट को पूछ कर पोस्ट को पुर किया जा सकता हैं। मैं पूछता हूं कि पहली सरकारें भी उस काम को पहले कर सकती थी, लेकिन नहीं किया।

चौधरी जय सिंह राठीः हरिजनों में काबलियत होती ही नहीं, कहां से करते? (व्यवधान)

सूबेदार प्रभु सिंहः डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस ड्रामें की हालत में मुझे भी बोलना पड़ेगा, आप इन्हें चुप करा दें। मैं कह रहा था डिप्टी स्पीकर साहिबा कि राव सरकार ने कस्टेडियन जमीन जो 450 रूपये स्टैंडर्ड एकड़ थी, उसको बढ़ाकर 900 रूपये स्टैंडर्ड पर बेचा था। मैं इस सरकार को मुबारकबाद देता हूं जिन्होंनें हरियाणा के हरिजनों को ऊपर उठाने के लिए कास्टोडियन जमीन का भाव फिरी 450 रूपये स्टैंडर्ड एकड़ कर

दिया जो राव सरकार ने हरिजनों के गले में फंदा डाला था उसको हटा दिया।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस के आगे इंडिस्ट्रियल लोन्ज का जिक्र करता हूं। पिछली सरकारों ने 70 लाख या 52 लाख रूपये से ज्यादा किसी सरकार ने इंडस्ट्रियल लोन नहीं दिया था लेकिन इस सरकार ने पिछले साल 90 लाख रूपये कर दिया और इस साल 82 लाख दिया। अगर 82 लाख रूपये से काम न चले तो इनका ख्याल हैं कि अगर बीस लाख रूपया और देने पड़े तो सरकार देगी। इसके अलावा स्टेट वैलफेयर बोर्ड की तरफ से यह तजवीज हैं कि इंडस्ट्रियल के लिए लोन लेकर अपनी दस्तकारी से काम करें और आगे बढ़े। सरकार ने यह बड़ा सराहनीय काम किया हैं, मैं इसकी तारीफ किये बगैर नहीं रह सकता।

इसके इलावा जो कंस्टोडियन जमीन पिछली सरकार ने 5 रूपये एकड़ के हिसाब से खरीद कर तीन हजार रूपये फी एकड़ जमीन बेची। मैं उस सरकार का जिक्र कर रहा हूं जिस में ये हरिजननवाज लीडर इधर थे, उन के साथ के दस्तखत हुए हैं फाइल पर। आज वे हंसते हैं और मैं रोता हूं। इन्होंनें हरिजनों के खिलाफ कलम चलाई हैं और अब ये असैम्बली में मगरमच्छ के आंसू बहा रहे हैं।

उपाध्यक्षाः आप पांच मिनट जरूरी–जरूरी बातें कह ले। उस तरफ से भी अभी मेंम्बरों ने बोलना हैं।

सूबेदार प्रभु सिंहः अगर आप पांच मिनट कहती हैं तो मैं पांच मिनट बोलूंगा लेकिन यह जो मसला चल रहा हैं, इस पर मुझे कहने दें। ऐसे तो बोलने वाले मेम्बर और भी बहुत हैं, मगर जिस मामले को लेकर मैं बोल रहा हूं उस पर अपोजीशन की तरफ से भी एक ही मेम्बर बोलें हैं। कम से कम हरिजनों के लिए दोनों तरफ से बराबर बराबर टाईम दे दो, उतना हक तो मुझे हैं।

उपाध्यक्षाः आल राइट।

सूबेदार प्रभु सिंहः डिप्टी स्पीकर साहिबा इस सरकार की क्या–क्या तारीफ करूं। जब से आजादी आई, वैलफेयर डिपार्टमेंट के आफिसर नान–गजेटिड चलते रहे। ये कागज अटैस्ट नहीं कर सकते थे, तहसीलदार के पास जाना पड़ता था। लेकिन अब इस सरकार को मैं मुबारकबाद देता हूं कि इसने हरिजन अफसरों को गजेटिड अफसर बनाकर बराबर का हक दिया। अब वे रैस्ट हाउस में ठहर सकेंगे, हरिजनों का काम कर सकेंगे और उनका कुछ स्टेटस भी हो गया हैं। तो इस सरकार ने जो 17 साल से नान–गजेटिड पोस्टें चली आ रही थी उन्हें गजेटिड बनाकर हरिजन कल्याणा को बहुत आगे लाने के लिए कोशिश की हैं।

डिप्टी स्पीकर साहिबा,, पिछली सरकार ने जिस सुबार्डिनेट सीलैक्शन बोर्ड को तोड़ दिया था उसे इस सरकार ने फिर से बना दिया हैं। पहले इस बोर्ड में हरिजनों का कोई

नुमांयदा नहीं होता था। मगर उस गवर्नमेन्ट ने हमारी सर्विसज की, रिजर्वेशन को महफूज करने के लिए का नुमायंदा, और वह भी काबिल, जिसकी काफी तर्जुबा हैं, लगाकर हरिजनों पर एहसान किया हैं। हम सरकार का इसके लिए धन्यवाद करते हैं।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस सरकार ने वजूद में आने से पहले तक जितनी सरकारे यहां आइ उनके आगे हम हमेशा चिल्लाते रहे कि भारत सरकार की तरह हरिजन लड़को को बी0 ऐी0 करने के बाद आइ0 ए0 एस और दूसरी दिगर ट्रेंनिग के लिए तथा मैंट्रिक करने के बाद स्टैनोग्राफी आदि के लिए गवर्नमेन्ट के खर्च पर एक इंस्टीच्यूट खोला जाए ताकि ये लोग दूसरे लोगों के मुकाबले में आगे आ सकें, मगर किसी ने सुनाई नहीं की लेकिन इस गवर्नमैंट के ने आपको जानकर खुशी होगी अम्बाला में इस तरह का सैन्टर खोल दिया हैं जिसमें गवर्नमेन्ट के खर्चे पर, शायद 170 या दो सौ रूपया माहवार के हिसाब से बी0 ए0 वाले हरिजन लड़के आइ0 ए0 एस0, आइ0 सी0 एस0 आदि की और मैट्रिक वाले स्ट्रैनोग्राफी या दूसरी किसम की ट्रेनिंग ले रहे हैं। डिप्टी स्पीकर, भारत सरकार के बाद हिन्दुस्तान भर में केवल इसी सरकार ने इस तरह का सैन्टर खोला हैं। न ऐसा सैन्टर पंजाब में हैं, न राजस्थान में हैं, न मद्रास में हैं और बिहार या बगांल में हैं।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, हरिजनों को आगे बढ़ाने के लिए बंसी लाल सरकार ने या यों कहें इस कांग्रेस सरकार ने काम कर

दिए जो आज तक हरियाणे के हरिजनों के बहुत तगड़े लीडर जो अपने आप को कहते हैं, नहीं कर सके थे। डिप्टी स्पीकर साहिबा, पंचायतों की लैड का जो एक तिहाई हिस्सा आज तक चलता रहा था उसे इस सरकार ने एक बटे दो करके हरिजनों को आगे बढ़ने का रास्ता तलाश किया हैं। जो नजूल जमीन थी वह 15 सालों कागजों में चलती रही और जब राव साहब की सरकार आई तो फौरनप उसने फैसला कर दिया कि 50 परसैन्ट हरिजनों को देंगे और 50 परसैन्ट नान–हरिजनों में बांट दी जाएगी। इस पर दस्तखत किसने किए, इसके बारे में डिप्टी स्पीकर साहिबा, अगर कुछ न कहूं तो ठीक ही होगा।

श्री मंगल सैनः अरे भाई चांद राम जी ने किए थे, कहते क्यों नहीं?

सूबेदार प्रभु सिंहः यह तो डाक्टर साहब आपको पता होगा क्योंकि आप तो इन्चार्ज थे उस गवर्नमेन्ट के आपने मुखालफत भी करवाई थी और आपने पढ़ा भी होगा। खैर, डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं इन बातों में न जाता हुआ इतना कहना चाहता हूं कि इस गवर्नमैन्ट ने सैटपरसैट नजूल लैन्ड को न सिर्फ हरिजनों को देने का फैसला किया हैं बल्कि जितनी भी नजूल लैन्ड थी उसे हरिजनों में बांट दिया गया हैं। मैं तो, डिप्टी स्पीकर साहिबा, दावे से कहता हूं कि इस सरकार ने डेढ़ साल में वे काम किये हैं जो आत कभी नहीं हुए थे। अगर इस तरह के काम करवाने वाले आदमी 156–16 साल पहले गवर्नमैन्ट में चलते

आते तो हरिजनों की हालात बहुत कुछ सुधर गई होती। इसी तरह, डिप्टी स्पीकर साहिबा, पिछली सरकार ने इनफीरियर लैन्ड के बारे में जो फैसला किया था कि पचास परसैन्ट एक्स–सर्विसमैंन को दी जाए और पचास परसैन्ट हरिजनों को दी जाए, उसे भी रद्द करके सैन्ट परसैन्ट भूमि हरिजनो ंको देने का हुक्म दिया हैं और इस हुक्म के अनुसार वह बांट भी दी गई है और सबको मिल भी चुकी हैं।

फिर डिप्टी स्पीकर अनटचेबिलिटी दूर करने के लिए जो एक्ट बना था उसे बालायेताक रख दिया गया। उस पर इस सरकार के आने तक कोई अमल नहीं हुआ था, सरकार आते ही उस पर अमल करने फैसला किया। डिप्टी कमिश्नर्ज को आर्डर्ज गए कि जगह–जगह पर बोड लगा दिया जाए कि अगर कोई किसी को नीच समझेगा तो उसे 6 महीने की कैद और पांच सौ रूपये जुर्माना होगा। इससे पब्लिसिटी हुई, प्रोपेगन्डा हुआ और एक्ट को जुम्मस हुई और अब किसी को छोटा नहीं समझा जाता।

इसके अलावा सरप्लस का जो मसला था उसे भी सरकार ने आते ही बड़ी दयानतदारी और ईमानदारी से हल किया हैं। 15–20 साल से यह काम भी नहीं हो रहा था मगर इस सरकार ने लैन्ड रिफार्मज के ध्येय को सामने रखते हुए लैंड–लैस–लैबरर्ज, लैंड–लैस–टेनैन्टस और बैकवर्ड क्लासीज के लोगों को जमीन देने के लिए एक लैन्ड रिफार्म कमेटी बनाई हैं जो इस मसले पर विचार करके अपनी रिपोर्ट बहुत जल्दी ही

देगी। तो इस तरह से सरकार ने यह भी लैड़लैस लोगों को और बैकवर्ड क्लासीज के लोगों को बरसरे रोजगार और कुछ जमीन देने का इरादा किया हैं। (घंटी)

एक सदस्यः यह भी तो बताओ कि एक किल्ले मे कितने हल चलते हैं?

सूबेदार प्रभु सिंहः डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं तो आपकी घंटी बजते ही बोलना बंद करने लगा था मगर इस भाई ने पूछ लिया कि दो किल्ले में कितने हल चलते हैं । डिप्टी स्पीकर साहिबा, इसमें किल्ले में हल चलने या न चलने की बात नहीं हैं, यह तो मैटर आफ स्टेटस की बात हैं।

उपाध्यक्षाः सूबेदार साहब, अब आप कृपा खत्म ही कर दें।

सूबेदार प्रभु सिंहः मैं डिप्टी स्पीकर साहिबा, अब केवल एक मिनट बोलूगां क्योंकि मुझे एक शेर याद आ गया हैं। उसे कहकर मैं बैठ जाऊंगा। एक शायर ने कहा हैं.....

मस्जिद तो बना ली शब भर में, इमां की हरारत वालों ने,

मन जो पुराना पापी था, वर्षो से नमाजी बन न सका।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह जो पुराने पापी हैं ये कारों में बैठने के आदी बन चुके हैं। अगर ये कारों में न चलकर मेरी

तरह सीधे–सादे ढंग से सड़क पर चल कर लोगों को न भड़काएं और इतनी शानदार सरकार को जिसने हरियाणा को चमकाया है और आगे ले जाने की कोशिश कर रही हैं, उसे तोड़ने की कोशिश न करें, तो इन्हें चैन नहीं आता। चाहिये तो यह कि इसकी कोशिश मदद करें ताकि और अच्छे काम करके हरियाणा का नाम हिन्दुस्तान में रोशन कर सके।

Deputy Speaker: I want to make one announcement. The meeting fo the Business Advisor Committee which was fixed for today has been cancelled because our Hon. Speaker is feeling unwell.

राजकुमारी सुमित्रा देवी (रिवाड़ी): डिप्टी स्पीकर साहिबा मैं राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर अपने विचार प्रकट करना चाहती हूं.....

उपाध्यक्ष: आनरबेल मेम्बर साहिबा से मैं रिक्वैस्ट कंरूगी कि वे केवल पांच मिनट बोलेंगी क्योंकि उनके पश्चात दो मेंम्बर और भी अपोजीशन के बोलना चाहते हैं और अपोजीशन का टाईम केवल 15 मिनट बाकी हैं।

EXTEINSION OF TIME OF THE SITTING

मेजर अमीर सिंह चौधरी: डिप्टी स्पीकर साहिबा, आधा घन्टा टाईम और बढ़ा दिया जाये।

उपाध्यक्षाः देखिए 15 मिनट अपोजीशन का टाईम हैं और 20 मिनट ट्रेजरी बैचिज के लिए हैं।

मेजर अमीर सिंह चौधरीः मैंडम, मेरी आपसे रिक्वैस्ट हैं कि कुछ नेय मैम्बरज हैं इसलिए उनको भी बोलने का मौका मिलना चाहिये।

उपाध्यक्षाः हाउस साढ़े छः बजे खत्म हो जायेगा और एक घंटा या सवा घन्टा लीडर आफ दी हाउस ने भी बोलना हैं। अब उस हिसाब से देखिए हमारे पास कितना टाईम रह जाता हैं। इसलिए 15 मिनट अपोजीशन और 20 मिनट ट्रेजरी बैचिज को दिये जाते हैं

मेजर अमीर सिंह चौधरीः चीफ मिनिस्टर साहब भी बैठे हुए हैं। इसलिए आधा घन्टा टाईम और बढ़ाने के लिए विचार कर लें।

मुख्य मंत्री (बंसी लाल): ठीक हैं, आधा घन्टा और बढ़ा दिया जाये।

उपाध्यक्षाः अच्छा हाउस का टाईम आधा घन्टा और बढ़ाया जाता हैं।

RESUMPTION OF DISCUSSION ON THE GOVERNOR'S ADDRESS

राजकुमारी सुमित्रा देवीः डिप्टी स्पीकर साहिबा, हफ्ते में दो दिन शराब बन्द करने की योजना सरकार की ओर से की गयी हैं। मैं समझती हूं कि दो दिन हफ्ते में बन्द करने से कोई लाभ नहीं होगा। जो व्यक्ति शराब पीने वाले हैं वे तो दो दिन के लिए पहले ही शराब इकट्ठी करना आरम्भ कर देते हैं। इसलिए मैं तो यह चाहती हूं कि हमारी सरकार को पूरी तरह से शराब–बन्दी करने के लिए कटिबद्ध हो कर प्रस्ताव पास करना चाहिए कि हरियाणा के अन्दर से बिल्कुल शराब बन्द हो ताकि कोई भी व्यक्ति शराब न पी सके।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप जानती हैं कि हरियाणा के अन्दर शराब पीने का पहले बिल्कुल रिवाज नहीं था। पहले शराब वही लोग पीते थे जो मिल्टरी में होते थे और वे लोग वे गांवों में आकर तो लुक–छिप कर ही पीते थे परन्तु जब हमारी सरकार ने शराब के ठेके खोले हैं तब से यहां शराब सरे–आम पी जाती हैं। आजकल तो बच्चे–बूढ़े और टीचर भी शराब पीते हैं। मेरी कांस्टीच्यून्सी का पता हैं कि टीचरों को देख कर छोटे बच्चे भी पीना आरम्भ कर देते हैं। मेरी कांस्टीच्यूशन में पहले शराब का बिल्कूल रिवाज नहीं था परन्तु अब जितने भी वहां स्कूलो में टीचर हैं वे स्कूलों के अन्दर ही बैठ कर पीते हैं। टीचरों के विषय में तो यहां देखा गया है कि वे ृसमझती हूं कि सरकार का यह फर्ज बनता हैं कि पूरी तरह से शराब बन्दी करें। पूरी तरह से विचार

करके जनता के साथ हमदर्दी करके इस प्रस्ताव को पास करें कि हरियाणा से शराब–बन्दी हो।

एक और चीज का जिक्र भी किया गया हैं कि सरकार ने सिंचाई के लिए बहुत सारे साधन अपनाये है और हरियाणा के अन्दर बहुत ज्यादा सिंचाई योजना फैलाई गई हैं। यह भी ठीक है कि बहुत सारे ट्यूबवैल सरकार ने हरियाणा में लगाये हैं लेकिन इसके साथ–साथ लगने के पश्चात जनता को बहुत परेशानी हो रही हैं। लोगों ने अपनी बिजली की मोटरें लगायी हुई हैं वहां पर बिजली ठीक तरह से न जाने मोटरें जल जाती हैं और उनके जलने से सिंचाई के साधन खत्म हो जाते हैं। बिजली न पहुंचने से खेती में पानी देने का कोई दूसरा साधन नहीं रह जाता क्योकि जो उनके दूसरे साधन थे वे भी उनके खत्म हो चुके हैं, इसलिए किसानों को पानी की कठिनाई हो रही हैं। इसलिए मैं सरकार से आपके द्वारा निवेदन करना चाहती हूं कि इस ओर सरकार अपने अफसरों को भी सहूलतें दे और वहां जनता है उनको भी ठीक तरह से बिजली समय पर दे ताकि वे अपने खेतों में पानी दे सकें और जो उनकी मोटरे फियूज होती हैं वे भी फियूज न हो। दूसरी कठिनाई जो जमींदार को हो रही हैं वह लाईन–मैनों की होती हैं। एक तो वे ठीक टाईम पर बिजली ठीक करने के लिए नहीं पहुचते हैं दूसरे सारे लाईन–मैन पूरी तरह से ट्रेन्ड नहीं होते हैं वे बगैर रिश्वत से काम नहीं करते हैं। इस और

भी सरकार को गौर करना चाहिए और उन लोगों को पूरी हिदायतें हैं।

डिप्टी स्पीकर साहिबा मेरी कांस्टीच्यून्सी में शाहबी नदी बहती हैं उस नदी से उस इलाके के लोगों को बहुत नुक्सान पहुंचता हैं। शाहबी नदी पर बान्ध बान्धा जाये ओर उस पानी को फिर खेतों को दिया जाये जिससे लोगों को जो नुकसान होता हैं वह भी न हो। इससे जमींदार को बहुत फायदा हो जायेगा। दूसरे शाहबी नदी के साथ–साथ ट्यूबवैल भी लग सकते हैं क्योंकि रिवाड़ी के अन्दर और जगहों पर अच्छा पानी नहीं हैं इसलिए उस नदी के साथ–साथ जो ट्यूबवैल्ज लगते हैं उनका पानी मीठा होता हैं। इसलिए सरकार को इस ओर भी गौर करना चाहिए। सरकार को अपने बड़े ट्यूबवैल उसके सहारे लगाने चाहिए ताकि उस क्षेत्र के लोगों को कुछ राहत मिले।

कुछ समय पहले शाहबी नदी के अन्दर एक बान्ध बान्धने की योजना बनायी गया थी, वह इसलिए बनाई गयी थी कि उस क्षेत्र में पीने का पानी खरा हैं इसलिए लोगों को पीने का मीठा पानी दिया जाये परन्तु वह योजना ज्यों की त्यों अभी तक वैसी ही पड़ी हुई हैं। अब उस बान्ध से जो भी अभी अधूरा पड़ा हुआ हैं लोगो को काफी नुकसान हो रहा हैं। किसान लोगों को अपने खेत से दूसरे खेत में आना मुश्किल हो गया हैं। इसलिए सरकार को चाहिए कि उस योजना को पूरा करें और वहां पर

छोटी–2 पुलियां बनायी जायें ताकि लोगों को भी अपने खेतों मे जाने में सहूलियत हो।

जहां सरकार ने उद्योगों के लिए बड़ी–बड़ी योजनायें बनायी है वहां सरकार को छोटे उद्योगों के लिए ग्रामों के लोगो की भी सहायता करनी चाहिए। उनको भी छोटे उद्योगों धन्धों के लिए जानकारी देने का भी प्रबन्ध करना चाहिए। गांव में गरीब लोग छोटे–छोटे उद्योग धन्धों अपने घरों में लगाये और उनसे अपनी रोजी कमा सकें ऐसा प्रबन्ध सरकार को करना चाहिए।

जहां तक मेरे इलाके में सड़को का ताल्लुक हैं रिवाड़ी तहसील में बहुत से ऐसे गांव हैं जहां सड़को के बिना बहुत दिक्कते पेश आ रही हैं। कई बार तो ऐसी कठिनाई आती हैं जिसके विषय में बयान नहीं किया जा सकता। जो औरतें गर्भवती हैं उनको प्रसवकाल के लिए हास्पिटल ले जाने में दिक्कत पेश आती हैं, क्योंकि कच्चे रास्ते हैं वहां सड़के नहीं हैं। दूसरे एरिया में कोई ट्रेन्ड दाईयां भी नहीं हैं और न ही वहां पर कोई हैल्थ सैन्टर ही हैं। इसलिए सरकार को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए।

रिवाड़ के अन्दर जो हास्पिटल हैं वह बहुत छोटा हैं। वहां पर रिवाड़ी से अलवर तक और इधर नारनौल से फिरोजपुर–झिरका और गुडगांव तक कोई भी हस्पताल नहीं हैं। तो मैं सरकार से यह निवेदन करना चाहती हूं कि वहां पर

हास्पिटल को उन्नत किया जाये और उसके आस पास जो भी इलाका हैं उसमें ट्रेन्ड दाइयां और हैल्थ सैन्टर कायम किये जायें।

इसी प्रकार का एक उदाहरण मैं हाउस के सामने बताना चाहती हूं। एक औरत को जिसको बच्चा होने वाला था बैलगाड़ी से हस्पताल ले जा रहे थे। उसकी रास्ते में ही हस्पताल ले जात ही मृत्यु हो गई आज के जमाने में यह बड़े दु:ख की बात हैं इस प्रकार सरकार की ओर से ठीक प्रकार से प्रबन्ध न होने के कारण औरत ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

सरकार की ओर से पीने का पानी की भी काफी योजनायें बनायी गयी हैं और कई इलाकों में सहूलियते दे भी रहे हैं परन्तु मेरे इलाके के लोग बहुत गरीब हैं इस कारण से जो खर्च गवर्नमैंट की ओर से पानी की योजना लगाने के लिए मांगा गया हैं वह पूरा नहीं दे सके। उसका यही कारण है कि वे लोग गवर्नमैंट को पूरा खर्चा नहीं दे सके हैं। मैं आपसे निवेदन करना चाहती हूं कि जिस इलाके के लोगों के लिए खेती के लिए पानी की सुविधा नहीं हैं तो उस इलाके के लोगो की आमदनी भी कुदरती कम होगी। जब उनकी आमदनी भी कम है तो फिर वे अपने हिस्से का रूपया कैसे दे सकते हैं ? इसलिए मैं सरकार से निवेदन करना चाहती हूं कि उनके शेयर को कम किया जाये और जो उनके पानी के नल लगाने से रोक लिए गये थे वे फिर से लगवा दिये जायें।

गवर्नर साहब के भाषण में यह भी कहा गया हैं कि रिटायर्ड सैनिक को काफी सहूलतें दी जा रही हैं। मैं समझती हूं कि सरकार की और से बहुत अच्छा कदम हैं। इसके साथ ही मैं सरकार से यह भी मांग करती हूं कि जो छोटे–छोटे ओहदों से सिपाही रिटायर हो जाते हैं उनके लिए भी ऐसी योजना बनायी जाये जिससे वे अपना धन्धा चला सकें और अपनी आजीविका चला सकें। उसका कारण यह हैं कि वे ज्यादा मिल्टरी सर्विस में ही रखते हैं और अपनी जमीनों पर उतना ध्यान नहीं रख पाते है। इसलिए मेरा डिप्टी स्पीकर साहिबा, आपके जरिए सरकार से यही निवेदन हैं कि जो सिपाही हैं उनके लिए भी उद्योग या कोई छोटे–छोटे धन्धों का प्रबन्ध किया जाये।

अन्त मैं, मैं यही निवेदन करना चाहती हूं कि तहसील रिवाड़ी के अन्दर जब कि वहां पीने का पानी भी नहीं हैं और खेती के लिए तो कहां से होगा, जिसके कारण उन लोगों की आमदनी के साधन बहुत सीमित हैं इसलिए रिवाड़ी क्षेत्र के अन्दर जो भी स्कूल बनाये जाते हैं उन सरकारी स्कूलों के लिए जो बिल्डिगें बनती हैं उनके लिए पैसे की छुट दी जानी चाहिए।

दूसरी चीज यह हैं कि वह क्षेत्र पिछड़ा हुआ हैं इसलिए वहां पर लड़कों के साथ लड़कियां पढ़ने के लिये तैयार नहीं होती हैं। एक तो उनके कुछ रिवाज भी ऐसे हैं जिससे वे लड़को के साथ पढ़ना पसन्द नहीं करती और न ही मां–बाप उन स्कूलों में भेजने के लिए तैयार ही होते हैं। इसलिए डिप्टी स्पीकर साहिबा,

जो इस क्षेत्र में बड़े–बड़े गांव हैं, जिन गांवों की संख्या अधिक हैं उन गांवो के अन्दर लड़कियों के स्कूल खोले जायें जिससे लड़कियां भी लड़को के समान शिक्षित हो सकें। अगर वहां प्रबन्ध नहीं किया गया तो उस क्षेत्र की लड़कियां अशिक्षित ही रह जायेंगी। इसलिए उस बात की ओर अवश्य ही ध्यान दिया जाये और महिलाओं को अवश्य ही मौका मिलना चाहिए।

चण्डीगढ़ के विषय में बहुत से महानुभाव कह चुके हैं और काफी विस्तार से और बहुत अच्छे ढंग से बतलाया गया हैं। डिप्टी स्पीकर महोदया, आप भी जानती हैं कि चण्डीगढ़ का मसला था वह हम सबका मसला था। चण्डीगढ़ के लिए अंत तक चीफ मिनिस्टर साहब कहते रहें कि चण्डीगढ़ पर हमारा जन्मसिद्ध अधिकार हैं कि हम चण्डीगढ़ को लेकर रहेंगें। उनकी तरफ से पूरा आश्वासन था लेकिन मैं जानती कि अन्त में क्या विचार–विनियम हुआ और क्यों इरादा बदल गया। यह हो सकता हैं कि यह फैसला ठीक समझकर किया गया हो लेकिन ऐसी अवस्था में यह आवश्यक था कि जब उनके विचार बदले तो सरकार को चाहिए था कि इस तरह का वातावरण पैदा करती जिससे हरियाणा की जनता यह जानती कि यह जो कुछ करने जा रहे हैं वह ठीक हैं।

उपाध्यक्षः आपको 15 मिनट हो गए हैं मैं रिक्वैस्ट करूंगी कि अब आप खत्म करें।

राजकुमारी सुमित्रा देवीः बस अभी खत्म कर रही हूं। हां तो मैं कह रही थी कि जब सैन्टर से बात करने के बाद विचार बदले तो 2–4 दिन पहले जनता को एक वक्तव्य देते और इस बात के लिए राजी करते कि चण्डीगढ़ के छोड़ने में ही हमारी भलाई हैं और इसी मं हमें लाभ हैं। अगर वे ऐसा कदम उठाते तो ज्यादा अच्छा रहता। इस तरह से जो छोटे–छोटै बच्चों कि हानि हुई हैं वह न हो पाती। मैं समझती हूं कि यह बुरी दुर्घटना हुई हैं और उसकी क्षतिपूर्ति करना बहुत कठिन हैं। अन्त में मैं आपका धन्यवाद करती हूं।

चौधरी लाल सिंह (नारायणगढ़): मैं, डिप्टी स्पीकर महोदया, आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने को मौका दिया हैं। मैं गर्वनर साहब के ऐड्रैस का स्वागत करता हूं जिन्होंनें इतनी नम्रता के साथ गीता के श्लोक पढ़े। लेकिन मुझे दुख हैं कि विरोधी दल के भाई गीता के श्लोक भी सुनने के लिए तैयार नहीं हुए। हो सकता हैं कि उन्हें बंसी लाल से गिला हो, लेकिन भगवान कृष्ण से तो कोई गिला नहीं था। खैर यह उनकी मर्जी की बात हैं। तो मैं गवर्नर साहब का बहुत–बहुत शुक्रिया अदा करता हूं जिन्होंनें कि बहुत ही अच्छे ढंग से अपने भाषण को हमारे समाने रखा।

दूसरी बात यह हैं कि इस सरकार की जितनी तारीफ की जाए थोड़ी हैं। किसी के काम की तारीफ की नहीं जाती देखी जाती हैं। अब तक जितनी भी सरकारें आई किसी ने भी इतान

काम नहीं किया हैं। मेरा इलाका कालापानी माना जाता हैं लेकिन वहां इस सरकार ने इतना काम किया हैं कि कहा नहीं जा सकता। इतना काम करने के बाद भी कुछ भाई सरकार से गिला करते हैं। विरोधी दल के नेताओं को इसलिए गिला हैं कि उनके चूतड़ों के नीचे कुर्सिया छुट गयी हैं। यह तो होता ही हैं। आज एक चपरासी को भी अगर नौकरी से निकाल दिया जाए तो वह भी गुस्सा खाता हैं।

डिप्टी स्पीकर महोदया, आपके द्वारा मैं सरकार को बधाई देता हूं। इंडिया में किसी भी सरकार ने इतने थोड़े समय में इतना काम नही किया हैं जितना इस सरकार ने किया हैं। सरकार के कामों की पिटारी जब खुलेगी तब पता चलेगा कि क्या निकलता हैं? आज विरोधी दल के लोगों ने चण्डीगढ़ का बवंडर मचाया हुआ हैं। जब विरोधी दल के नेताओं ने पूछा गया कि चंडीगढ़ किसको मिलना चाहिए तो सब ने कहा कि पंजाब को मिलना चाहिए। उस टाइम ये विरोधी दल के लोग अपने नेताओं के पास क्यों नही गए और यह क्यों नही पूछा कि आप लोग ऐसा क्यों कहते हो? लेकिन इनकी हालत तो यह हैं कि ये लोग लगाने के समय भी आगे और बुझाने के समय भी आगे। अगर चंडीगढ़ शाह कमीशन ने हरियाणा को दिया था तो यह फाजिल्का तो उसने हरियाणा को नहीं दिया। अब अगर फाजिल्का हरियाणा को मिल रहा हैं और चंडीगढ़ जा रहा हैं तो क्या बुरा हैं? मैं तो कहता हूं कि चंडीगढ़ गया अच्छा हुआ। मुझे चंडीगढ़ के एक–एक

कोने का पता हैं। फाजिल्का जो हमें मिला हैं उसकी आमदनी से हम और दूसरा चंडीगढ तैयार कर लेंगे डिप्टी स्पीकर महोदया, ये सारी बातें मैं अपने हृदय से कह रहा हूं।

उपाध्यक्षाः आपका टाइम खत्म हो चुका अब खत्म करिए।

चौधरी लाल सिंहः औरो को तो पन्द्रह–पन्द्रह मिनट देती हैं और मुझको सिंर्फ तीन मिनट। जरा मेरी बातें सुन लें अगर मतलब की हों तो ले लेना नहीं तो फेंक देना। अगर बंसी लाल और इंदिरा गांधी जी ने चंडीगढ़ पंजाब को दे दिया तो फाजिल्का तो हमें दे दिया और उस फाजिल्का की आमदनी 30 करोड़ रूपए सालाना हैं। मैं कहता हूं कि अगर हिन्दुस्तान में किसी सरकार ने इतने थोड़े समय में इतना काम किया हो जितना बंसी लाल की सरकार ने किया है तो मैं इस्तीफा दे सकता हूं। जब चंडीगढ़ यूनियन टेरटरी था तब हरियाणा को क्या मिलता था अब कम से कम फाजिल्का मिलने से कुछ आमदनी तो हुई।

मैं जहां जीतकर आया वहां सब की जमानत जबत हो गई। ये जनसंघी इंदिरा जी और बंसी लला को गालियां देते थे मैंने इन्हें कहा कि गालियां क्यो देते हो बंसीलाल के काम को तो देखो। इतनी बात कहने पर ही मुझे जनसंधियों ने पिटवाया। मैं बताना चाहता हूं कि जिस वक्त मेरे को रात को 11 बजे चोट लगी तो डी0 सी0 और एस0 पी0 मुझे पूछने के लिये **(5.00P.M.)**

आये और डी0 सी0 ने रेल के इंजन पर खड़े होकर इस देश की दौलत को बचाया और एस0 पी0 ने डिब्बों में घुस–घुस कर लोगों की जाने बचाई। तो आप यह कहते हैं पुलिस ने इनको कुटवाया हैं? जो बात मैं आंख से दख लूं मैं उससे मूकर नहीं सकता। यह मेरा दावा हैं कि जो काम इस देश के अफसरों ने किया हैं शायद आप अपनी जायदाद की रक्षा का काम नहीं कर सकते। पुलिस के पास पकड़ने के सिवा और क्या चारा था? उन लोगों की जायदाद जलाई गई हैं जो कि बिल्कुल बेगुनाह हैं। मैं यह नही समझ सकता कि यह सच्चाई को दबाकर फतूर क्यों खड़ा कर दिया गया हैं? हय लोगों के बच्चों को सिखा–सिखाकर ड्रामा करवाते हैं। मेरे को चोट लगी और रात के ग्यारह बजे सर्दी में एस0 पी0 और डी0 सी0 मेरे घर गये और कहने लगे कि चौधरी साहब चोट हम को लगी हैं। मेरी सारी दर्द दूर हो गई। आज इस देश के अन्दर ऐसे अफसर मौजूर हैं जो बच्चों की तरह मुझे गले से लगा लें ओर फिर आप कहते हैं कि अफसरों ने जुल्म किया हैं? बच्चों को गिरफ्तार क्यों किया गया? यह क्या एजुकेशन हैं, बच्चे पढ़ कर एक तरह से हाहाकार मंचाए तो मैं नहीं समझ सकता कि यह ड्रामा क्या हैं? मेरी समझ में नहीं आता ये लोग चाहते क्या हैं? जहां तक इस बात का ताल्लुक है कि कुरप्ट अफसरों को सजा देनी चाहिये, तो मैं यह कहूंगा कि इस देश में जो ईमानदार अफसर है, उनको तरक्की भी देनी चाहिए। जो लोग डी0 सी0 या एस0 पी0 कोर्स करके अफसर बनकर इस देशकी सम्पति को बचाने के लिये कार्य कर रहे थे और अम्बाला कैन्ट के अन्दर रेल के

इंजन पर खड़े होने से मर जाते तो उनके बच्चों की क्या हालत होती? यह कमाल की बात हैं कि आज किसी की भी हमदर्दी इस हाउस के अन्दर नहीं। अपोजीशन के मेंम्बर जो इस हाउस के अन्दर नही आते और अगर आते हैं तो सिवाये इसके कि इस गवर्नमैट के ऊपर किचड़ उछाला जाए इसको गालियां निकाली जाएं, और कोई बात नहीं करते (घंटी की आवाज) माफी चाहता हूं , टाईम और चाहिये। मैं आपसे दुख्र्वास्त करता हूं कि मेरी पार्टी के चार मेम्बर नहीं बोलेगे, उनका टाईम मुझे दे दिया जाए। डिप्टी स्पीकर साहिबा, तो मैं बहिन जी आपके द्वारा यह कहना चाहता हूं कि इन्होनें मेरें सामने बच्चों को सिखाया कि इंदिरा का यह श्लोक हैं, बंसी लाल का यह श्लोक हैं, दंगे फसाद करवाए गये, यह शेम की बात हैं। बहिन जी जब हमारे देश के अन्दर अच्छे अफिसर हैं और उनकी यह बदनामी की जाए यह बड़े दु:ख की बात हैं। मैं कहूंगा कि हरियाणा सरकार को ऐसे आफिसरों की तलाश करके इनको ईनाम देना चाहिये जिन्होंनें अपने बच्चों की छाती पर हाथ रख कर अपने देश की सम्पत्ति को बचाया। इनको तरक्की भी मिलनी चाहिए। ये मेरी आंखों देखी बात हैं कि कई लोग स्वयं बच्चो को सिखाते थे और गडबड़ करवाते थे। सी0 आई0 डी0 को चाहिये कि ऐसे आदमियों की तलाश की जाए और उन्हें दण्ड दिया जाए। (व्यवधान) इसलिये मै यह कहकर कि इस अरसे में अफसरों ने बढ़िया काम किया, गवर्नमैंट ने बढ़िया काम किया, यह बात यहीं छोड़ता हूं।

अब चन्द बातें अपने इलाके के बारे में कहना चाहता हूं, जहां के लोगों ने मुझे चुनकर भेजा हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं अपने हल्के के लिये कहना चाहता हूं, उसके लिये मैं दुख्र्वास्त कर रहा हूं कि यहां तीन–तीन घण्टे मंगलसेन जैसे भाई बोलते रहे लेकिन उससे कुछ नहीं हुआ। (व्यवधान) डिप्टी स्पीकर साहिबा, अब मैं अपनी सरकार से दुख्र्वास्त करूंगा कि इस में कोई शक नहीं हैं कि सरकार का हर वजीर मेरे हल्के के हर गांव को देख आया हैं। सरकार ने जो ट्यूबवैल मेरे हल्के को दिये हैं, वह और ज्यादा होने चाहिये और जो लगे हुए हैं, चह चालू होने चाहएि। मेरे इलाके में पीने के पानी की बड़ी दिक्कत हैं। यह सरकार किसी प्रकार से टूट नहीं सकती क्योकि जो किसी आत्मा को फायदा पहुंचाता हैं, उसका फायदा कुदरत करती है। मैं पीने के पानी कि लिये दख्र्वास्त कर रहा हूं, मेरे इलाके में पानी का बहुत भारी दुख हैं और यह दुख जल्दी से जल्दी दूर होना चाहिये। मेरे इलाके की नादियां सारे हरियाणा का नाश कर रही हैं। जितना पैसा फ्लड पर खर्च करते हैं, उससे अच्छा कि एक डैम बना लिया जाए जिस से नुक्सान न हो।

इसके इलावा मेरे हल्के के कई लड़के कालेज में नहीं पढ़ सकते हैं क्योकि नारायणगढ़ में कोई कालेज नहीं हैं। यहां तक कि जिला अम्बाला में भी कोई गवर्नमैंट कालेज नही हैं। इसलिये मैं सरकार से दख्र्वास्त करूंगा कि नारायणगढ़ में एक सरकारी कालेज खोला जाए।

तो मैं बहिन जी आप से यह कहना चाहता हूं कि मेरे इलाके मं बहुत सी जमीन हैं, जिन आज मेरे हल्के में 7 हजार रूपया प्रति एकड़ की कीमत हैं, अगर सरकार वहां कुछ बुलडोजर दे कर जमीनों को लेबल करा दें तो आपके और भी भाई वहां आकर बस सकते हैं। मेरे हल्के में बहुत गरीब आदमी हैं लेकिन उनको कोई काम करने के लिए कोई भी कारखाना नहीं हैं। जितनी भी मेरे हल्के की बाबड घास हैं, जितना भी वहां पत्थर हैं, वह सारे यमुनानगर में जाकर खपता हैं। मेरे हल्के में जरूर एक कागज और गत्ते का कारखाना होना चाहिये जिससे लोगो का भला हो सके। रेलवे स्टेशन की लाईन बिछाने की बहुत पुरानी मांग हैं, जगाधरी वाया नारायगढ़। यह लाइन जरूर निकलनी चाहिये। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आपके थ्रु सरकार से यह कहता हूं कि जंगलात विभाग का पहले जो भी था कि अगर किसी का पशु ज्रगल में चला गया तो पंचायत फैसला करती थी कि पशु घुसा की नहीं। लेकिन अब हालत यह हैं कि बहुत जंगलात वालों को अगर थोड़ा बहुत पैसा न मिला तो वह झूठा चालान कर देते हैं और जिस के नतीजे के तौर पर लोग मजिस्ट्रेट के यहां धक्के खाते रहते हैं। यह नहीं होना चाहिये। इसके इलावा, डिप्टी स्पीकर साहिबा(व्यवधान)

बहिन जी मैं आपके द्वारा कहूं कि कोई मेम्बर बीच में गड़बड़ न करें। डिप्टी स्पीकर साहिबा, आपको अम्बाला से जो हमदर्दी हैं, यह मेरी खुशकिस्मती हैं और मै आपका इसके लिये

शुक्रगुजार हूं। मैं आप के सामने रो रहा हूं। मैं आप से दख्वास्त करता हूं कि जंगलता एक्ट में दफा 4 की कोई जरूरत नहीं हैं। मैं इसका कोई मतलब नहीं समझता क्योंकि इस दफा के तहत खेत में खड़ी लकड़ी जमींदार की होती हैं। मेरे इलाके में आधे –आधी लकड़ी रख ली जाती हैं, आधी काट ली जाती हैं यानि मेरे इलाके में आधे हिस्से में दफा 4 हैं और आधे में नहीं। इस तरह से मैं दख्वास्त करूंगा कि ऐसी दफा की कोई जरूरत नहीं हैं। जिनका पैसा और जिनकी जमीने बरबाद हो रही हैं और गल्त आदमी इस्तेमाल कर रहे हैं, उसके लिये एक कमेटी होनी चाहिये ताकि वहां का पैसा कालेजों में या स्कूलों में लगे। मैं आप से दख्वास्त करूंगा कि इस पैसे पर पूरा कन्ट्रोल होना चाहिए। और यह गल्त इन्तजाम हैं जैसे आज बद्री तीर्थ हैं 22 सौ बीघा जमीन हैं, इसके लिये एक कमेटी बनाई जाए जो उसकी देख रेख करे , ताकि इस देश की सम्पत्ति को या तो धर्म में लगाये या उसकी तरक्की में लगाये। मेरे गांवों संढरौ में एक पुल हैं, उस पुल में जो आदमी एक दफा इधर से उधर जाता हैं तो वे दो रूपये लेते हैं। आज तक मुझे नहीं समझ आया कि उसका पैसा कब पूरा होगा? मैं सरकार से दख्वास्त करना चाहता हूं कि जब हरियाणा में कही पुल टैक्स नहीं हैं, तो फिर मेरे वहां क्यो हैं? इसको हटाया जाना चाहिए।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, वहां पर एक डेढ़ मील लम्बी सड़क हैं, जहां पर रोज ऐक्सीडेन्ट होते हैं। वह सड़क चौराहे से

बढौरा तक कट कर बिल्कुल छोटी हो गई हैं। मैं मिनिस्टर साहब को दख्वास्त करूंगा कि फौरन उसको चौड़ा कर दिया जाए ताकि किसी की जान बच सकें।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, सढौरा में एक प्राइमरी हेल्थ सेन्टर सरकार ने खोला हुआ हैं यह इलाका बड़ा पिछड़ा हुआ हैं और मैं सरकार को धन्यवाद करता हूं कि सरकार ने वहां एक्सरे भी भेज दिया हैं लेकिन यह भी कहूंगा कि एक प्राइमरी हेल्थ सेन्टर बड़े इलाके में काम नहीं कर सकता। जहां तक फैमिली प्लानिंग की बात हैं, डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं फैमिली प्लानिंग के खिलाफ नहीं हूं लेकिन मैं उसके लिये कुछ सुझाव रखता हूं, यह मेरा फर्ज बनता हैं। जितना पैसा इंडिया सरकार या हमारी सरकार या कोई भी सरकार इस महकमे पर खर्च करती हैं अगर इस पैसे से देश में कुछ धार्मिक प्रचार शुरू कर दिया जाए तो लोगों के ख्यालात बदलकर अच्छे हो जाये। लोग अपना खाना पीना सुधारे तथा अपने आपको समझे कि हम क्या हैं। लोगों में धर्म प्रचार बढ़ना चाहिए। लोग हर चीज का टाईम टेबल बनाये, सोने का, हर बात का टाइम टेबल बनाये उसके बाद फिर मेरे से बात करें कि फैमिली प्लानिंग का क्या मतलब होता है? जितना कुदरत की चीज को रोकेगें उतना फैमिली प्लानिंग में बढ़ौत्तरी होगी। बहिन जी मैं आपके द्वादा यह प्रार्थना करूंगा कि धर्म प्रचार जो भी हैं वह बहुत बड़ी चीज हैं। गान्धी जी, नेहरू जी और शास्त्री जी ने और दूसरे बड़े बड़े ऋषियों–महा–ऋषियों ने धर्म को एक बड़ी भारी ताकत

भर दी हैं। हम को एक मण्डली बननी चाहिये जो इस किस्म का लोगों में प्रचार करें, उनको खाने का पीने का, हर बात का टाईम टेबल बतायें। तो फिर फैमिली प्लानिंग की मेरी जिम्मेदारी हैं। बहिन जी एक और सुन लीजिए, बातें तो पच्चास हैं (व्यवधान) जनता के टाईम का दान चाहता हूं, बहिन जी, ताकि जनता का कर्जा तो रख दूं, इस हाउस में लाकर।

एक बात और कानस्टेबल हैं या जो हवलदार हैं, सिपाही हैं, उसका भत्ता सरकार क्यों काटती हैं? सब को मिलता हैं, सारी स्टेट में मिलता हैं, इनको क्यों नही मिलता। मैंने पुलिस के सिपाहियों पर, हवलदारों पर लाठ पड़ती देखी हैं। तो इसलिये उनका भत्ता मिलना चाहिए। जहां तक मास्टरों से काम का ताल्लुक हैं, लठ मर कर लो, मगर उनके साथ व्यवहार बिल्कुल ठीक करो। जो ईमानदार मास्टर हैं, उनकी तरक्की करो और कसूरवार को सजा दो। और दूसरी चीज यह हैं कि उनकी कटौती नहीं होनी चाहिये, वह बहाल होनी चाहिये। मेरा इन सारी बातों को कहने का अपना फर्ज बनता हैं, बाकी जिस तरह सरकार मुनासिब समझे करे। इसके इलावा बहिन जी, मैं आपकी मारफत कहना चाहता हूं कि जिस अफसर को हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में बहाल कर दिया हैं उसको सरकार मदद करने में पीछे न हटे क्योंकि वह अपनी मदद से, हिम्मत से कानून से जीत कर आया गया। फिर उसको रगड़ा देने की जरूरत क्या हैं, तो इसके अतिरिक्त बहिन जी मैं आपकी दख्वास्त करूंगा कि मेरे इलाके में

जब गर्मी का मौसम आता हैंतो लोग पशु लेकर हरिद्वार चले जाते हैं मै चहता हूं कि टोबे खोदने के लिये कुछ पैसा मिले, जिससे की लोग पानी–धानी के लिये इन्तजाम कर सकें। बहिन जी , मेरी यह बात जरूरी हैं। जमीदांरो और मुजारे की कुछ हद होनी चाहिये कि इतनी जमीन मुजारे के पास रहेगी या इतनी जमीदार के पास रहेगी । अब बोवे मुजरा और लठ खड़काये जमीदार इस की एक हद होनी चाहिए। एक बात मैं आप से दख्वास्त करूंगा कि यह सरकार बड़ी सड़के बना रही हैं यह बहुत अच्छी बात हैं, लेकिन इसके साथ एप्रोच रोड़ज भी बननी चाहियें, यह बहुत अच्छी चीज हैं कि बड़ी –बड़ी सड़को के बनने पर आप ध्यान दें रहे हैं। पीने के पानी की बड़े–बड़े शहरों की बजाये गांव में ही होनी चाहिये। जिस से ग्रामीण जनता को सहूलियत मिले सके। एक और दख्वास्त मैं करूंगा कि बैल आंखे मीच कर चलते हैं। मैं सरकार से उनके कर्मचारियों से दख्वास्त करूंगा कि आंख मीच कर बैल की तरह उन्हें नहीं चलना चाहिये (व्यवधान)। एक बात यह हैं कि कुछ जमीनें ऐसी हैं, जहां पर जंगलात वाले कुछ लगवाते नहीं हैं और पचास एकड़ से लेकर तीन–तीन सौ एकड़ जमीन बेकार रोकी हुई हैं। जंगलात वाले इसका क्या करेगें ? उसको बीजने के लिए डिप्टी स्पीकर साहिबा, सरकार आर्डर दे दे।

उपाध्यक्षाः नो मोर प्लीज, प्लीज, सिट डाऊन। आप बजट के वक्त हैं। Please sit down I say.

चौधरी लाल सिंहः आपकी बड़ी मेहरबानी हैं जो आप ने मुझे बोलने का टाईम दिया हैं। अन्त में मैं यही कहता हूं कि अगर सरकार इसी तरह से जनता की सेवा करती रही ता इसे कोई हटा नहीं सकता।

Sh. S.P. Jaiswal (Karnal): Madam, Deputy Speaker, we have before us the Addresss of the Governor which we are discussing. Reference has been made by the Governor in the Address to Dr. Zakri Hussain's loss. Yes, Madam, the loss of Dr. Zakir Hussain is one of the greatest losses to this country because.....

चौधरी लाल सिंहः डिप्टी स्पीकर साहिबा, आन ए प्वायंट आफ आर्डर, जैयसवाल साहब को स्पीच हिन्दी में देनी चाहिये।

उपाध्यक्षाः यह मैम्बर की मर्जी हैं कि वह किसी भी भाषा में बोल सकता हैं।

Sh. S.P. Jaiswal: I was saying that Dr. Zakir Hussain's death is the greatest loss the country. As a result of Dr. Zakir Hussain's going away a tussle, an unhealthy tussle, started among our leaders and they set before us an example which was not very nice. We have often hared about limited companies in which small set of share holders go out of the companies, call a meeting separately and thereby do an illegal and unlawful act. But, when the leaders of the country set an exampel of this sort, it is a sorry state of affairs. What the turmoil created is the defectors and, unfortunatley for us, in

Haryana what we see today is virtually a Government of defectors. I have no doubt in my mind that the real congress will survive the jolt and, in the end' it is the real congress which is going to really live. We need the real congress in this country for some yet in the national interest. My wishes are with the real congress in the hope that they will be able yet to guide the country till such time if finally disintergrates when some other people are able to take the administration of the country.

Madam, Deputy Speaker, reference has been made to trade policy in the Address. It has been said that we are doing a gerat deal in this state to stop trade from going away from the State and to encourage it furhter. Let me give you an instance or two how trade is being dealt within this particular State. I have a distillery at Karnal. My licence was cancelled because; probably I happened to be4 a member of this House. The hon. Chief Minister, who, unfortunately for me, is not present at the moment nor is the Hon. Excise Minsiter, refused to interfere in it and I had to go to the Superme Court. They pushed me to the Supreme Court with the net result that I finally got the Supreme Court's decision in my favour But, what the Government did? They sent a man of the rank of the Financial Comminssioner to the Supreme Court to assist the prosecution personally for the cancellation of an industrial firms' licence. This is what the Governments has come down to? It is absolutely shameful. Then, Madam, this was not enough. They have now recently stopped molasses allocation to my company. Molasses, Medam, is a controlled commodity and the distilleries, the industries, cnanot get them except by allotment. This Government has stopped allocation of this

commodity to the distillery. Not an ounce has been given. The distillery is going to clolse within the next 10 days completely. Yet, Medam you will be surprised to know that sugar Mills in the State are being permitted to sell molasses imn the black market. Twenty thousand quintals of molasses were allotted to my distillery. The Karnal Distillery said “Please give us molasses from Jagadhri” But, they would not give it. Instead, 20,000 quintals from Jagadhri were sold in the black marker. The Government does not eaalise the amount of money it has lost by way of revenue. Madam, if those molasses had been converted by me into what is known as foreign liquor this Government would have drived crores of revenue. I would draw the attention of the Hon.Minister, Mr. Poswal to this fact and request him to take up this matter with his Government.

(At this stage the Finace Minister come in)

I am glad, the Hon. Excise Minister has also come in and I am sure she will be taking full not of whaty I have said.

Then, Madam, it was said by honourable Mr. Mittal Sahib about the excise policy that a couple of days have been declared dry days. But this is not effective enongh because people are able to buy liquor earlier. Madam, this is not all. This Excise Department connives in drinking liquour on days which are closed. They connive with the licensses and give them all facilities to sell liquor even on the closed days and I am quite certain that the Excise Minister is fully aware of it. Madam, the reasonis simple they talk about the prohibition on the one side and on the other hand their demand on the Excise Department is of maximum revenue. Madam, you will

be surprised to know the price of the country liquor bottle which is Rs.8.50 in the market at retail sale, is sold by the Distillery at 9 annas a bottle Out of these nine annas six annas is the cost of glass container; 1½ annas cost of seal and 2 paise cost of label. What is left is one anna fot eh contents. Do you know, Madam, what Government derives out of it? The Government derives Rs. 7.10 per bottle. The Government derives crores and crores of rupees as excise duyt on this liquor and in spite of this they talk of prohibtion. They what happens as a result of ¾ revenue out of excise. Madam, Then classes for which they want to bring in prohibition as social fefrom, are the worst hit because the liquor is so expensive that they resory to drinking posion, i.e. Methylated spirit. They dring illicit liquor and this Government connives at it. In fact they have been forced to do this because this type of liquor methylated spirit bottle is available in the open markert at the rate of Rs. 1.50. The country liquor is availabel at Rs. 8.50 per bottle which is also 50 per cent degree and that is nothing but water. This, Madam, is the excise policy in this State. Madam, these are the supporters of the Harijans, Madam, Harijans and the backward classes are the worst hit by this prohibition policy of this Government are the one who drink methylated spirit or illicit liquor. I may tell you that methylated spirit is nothing but slow poisoning. So this Government is virtually responsible for giving slow poision to the Harijans and the backward classes which are the biggest consumers of the country liquor.

Madam, in the matter of electricity a reference has been made in the Governor's Address. The Address is itself self-contradictory. On the one hand the Government has said

about inadequacy of availability of power yet on the hand they say that we are going to energize more and more tubewells, more and more electrification of the villages. The result is that for 9 hours at a time out of 12 hours there is no electricity in the tube-wells. What in the use of energizing the tubewell? What is the use of electrifying villages if the light in the villages is such that you cannot see anything?

Sh. K.L.Poswal: In which village.

Sh. S.P. Jaiswal: In every village.

Sh. K.L.Poswal: Then it is alright.

Sh. S.P. Jaiswal: I would draw the attention of the hon. Minister and the Hon.Minister knows, that over loding of transformers will result in fusing of the line, berak-down and insufficient energy. Madam, if you have a transformer which has the capacity to run five motors and if you put the 6th one, then all the five ones will stop working. Only five motors will run and not six. I am sure the hon. Minister knows about it.

Sh. K.L.Poswal: Give me one example.

Sh. S.P. Jaiswal: I shall he happy to take my hon. friend, the Minister any time to show him all this.

Roadways, Madam. There is a reference to the mationalisation of Roadways. I said in my last speech here also in one of the sessions that astrous for the State. Madam, there are two ways you can get refenue one is by taxing the enterprise and the other is by runnign it yourself. If you run it yourself, Madam, I can tell you that no Government enterprise has succeeded so far. Look at any of them in the public Sector

that is an utter failure and so will be the running of Roadways by this Goverment. I had pointed out last time that they were going to make a profit of 86 lakhs and when I asked the honourable Chief Minster to let us know whether they were paying any taxes- there was no answer. Madam, they pay no taxes; no income-taxes, no sales-tax and no road tax. If all these taxes are deducted out of this profit, they will be in the lss and nothing to say about the service. I happened to tarvel in the Bus. What is knowen as air-conditioned bus of the Haryana Roadways upto Karnal and I nearly died of suffocation. I wrote to the Department. But no action has been taken. The break-down of their nuses is constant. Not a single day passes when a following bus does not have to pick up passengers from the bus dropped on the road and bring them all the way to Chandigarth. This is their State and this is going to work and work as time passes.

Then about the Medical. I draw attention to the fact that a large number of Clinics in Haryana State are without adequate medicine. I would request this Government that they should eliminate the charging of sales tax and octroi on the medicines. Mediciences are something are something which save lives and there are serval poor people who cannot take advantage of the medicines because the cost therof is so prohibitive. If they remove sales tax from medicine they would be diong something towards social reform.

Talking of their social feform, this Government is supposed to have been formed on the basis of progressive policy. What porgressive policy do they have towards the poor people? May I make a suggestion? This Government is not

entiltld to any income out of the so-called Lottery Shcemes. They must earn their revenue by proper schemes. And what ever they have earned by these lottery schemes. I would suggest. should be paid back to the people. (विघ्न)

समाजवाद के जो इतने पैरोकार हैं मैं इन्हें अर्ज करना चाहता हूं कि अगर यह समाजवाद लाना ही चाहते हैं तो यह जो लाटरी की आमदनी हैं, उसको 50, 50 हजार रूपये के इनामत करके सारी स्टेट में बाटा दे और सैंट्रल गवर्नमैंट से रिक्वैस्ट करें कि इस तरीके से सारी स्ट्टेस जो लाट्रीज चला रही हैं वह भी 50, 50 हजारी की रकम के इनाम एक–एक आदमी को बांट दें तो कम से कम डेढ़ दो हजार आदमी मालदार हो जांएगे और अगर ऐसा हर महीने करें तो चन्द सालों में समाजवाद आ आएगा लेकिन अगर अपनी जेबों में यह रूपया डालें तो समाजवाद कभी भी नहीं आएगा।

मैंडम ऐड्रेस के अन्दर चण्डीगढ़ के बारे में भी जिक्र किया गया हैं। मुझे अफसोस से कहना पड़ता हैं कि इस विधान सभा में एक रेजोल्यूशेन पास हुआ था और चीफ मिनिस्टर साहब को आदेश था कि चण्डीगढ़ जरूर लेना हैं। पिछले सैशन में चीफ मिनिस्टर साहब ने राव साहब को जवाब देते हुए बड़े जोर से कहा था कि मैं वह काम करके दिखाऊंगा जो किसी चीफ मिनिस्टर ने पीछे न किया हो। राव साहब भी बड़े कड़के थे और उन्होंनें उसी वक्त कहा था कि ठीक हैं बंसी लाल जी हमें पता हैं कि आप चण्डीगढ़ देकर ही रहेंगे। और मैडम आज हम देख रहे हैं कि राव

साहब की वह प्रौफेसी ठीक रही और चण्डीगढ़ इन्होंनें दे दिया। मेरे कई दोस्तों ने कहा कि बंसी लाल जी ने तो पूरी कोशिश की लेकिन अपोजीशन वालों ने कोई मदद नहीं की। मैडम इस बात में सदाकत नहीं हैं, मैं बताता हूं कि कैसे यह सब हुआ और कैसे हुआ। मैं सब से पहले पंजाब के चीफ मिनिस्टर सरदार गुरनाम सिंह के बारे में जो कुछ उन्होंनें किया बताता हूं। पंजाब में चण्डीगढ़ लेने के लिए एजीटेशन्ज हुई, वहां के लोगों ने फास्ट रख के जाने भी दी, सुप्रीम सेक्रीफाइस की, रेलवे स्टेशनों और पोस्ट आफिसिज का घेराओ किया लेकिन वहां के चीफ मिनिस्टर सरदार गुरनाम सिंह जी ने किसी के खिलाफ ऐक्शन नहीं लिया बल्कि उनको स्पोर्ट किया और एजीटेशन से अपने हाथों को मजबूत किया जिसका नतीजा यह हुआ कि चण्डीगढ़ लेने में कामयाब हो गए। इस के इलावा उन्होंनें सारी आपोजीशन पार्टीज को कन्फीडेंस मे ले लिया और मैडम आप हैरान होगे कि पंडित मोहन लाल ने जो कि अपोजीशन के मैंबर थे, पंजाब का लेस पलीड किया। इस से ज्यादा मिसाल और क्या हो सकती हैं अपोजीशन को कन्फीडेस में लेने की। इस के इलावा जब सरदार गुरनाम सिंह जी देहली जाते थें तो वह सारे प्रैस को अपने साथ लगाए रखते थे। इस का भी एक तरीका होता है उनकी खातिर तवाजा करने से बात बनती हैं। इसके मुकाबले में हमारे चीफ मिनिस्टर चौधरी बसी लाल जी कुछ भी नहीं कर सके। मैं आप को बताऊं मैं एक अपोजीशन वालों की प्रैस कान्फ्रेंस में गया था वहां पर जो प्रेस के नुमांयदे थे वह कहने लगे कि आप हरियाणा

लेंगे क्या? मैंने जवाब दिया कि क्यों नहीं हम हरियाणा के लिए जरूर लडेंगे। तो उस पर उसने कहा कि जनाब न तो यहां पर आप का कोई पब्लिक रिलेशन्ज वाला हैं और न कोई प्रेस वाला होता हैं, आपके चीफ मिनिस्टर साहब चोरों की तरह आते हैं और चोरों की तरह चले जाते हैं लेकिन जब पंजाब के चीफ मिनिस्टर सरदार गुरनाम सिंह आते हैं तो हम को सारी इन्फारमेशन होती हैं और वह हम को खुद बुलाते हैं। तो यह हैं हमारे चीफ मिनिस्टर साहब कि कोशिश का नमूना जो मैंने पेश किया हैं। इस के इलावा मैंडम आपको यह भी पता हैं कि अगर यहां पर अपोजीशन वालों की सरकार होती और इनकी यानी बंसी लाल की सरकार न होती तो सैटर की जितनी भी अपोजीशन पार्टी थी वह सारी हमारी सपोर्ट करती। यह हमारे ऊपर चार्ज लगाते हैं कि हमारे अपोजीशन के मेंबरो ने हमारी मदद नहीं कीं। मैडम, मैं हाउस की टेबल पर यह एक चिट्ठी ले करता हूं कि जो मैंने मुख्य मंत्री को लिखी थी और जिस का थोड़ा सा पोरशन मैं पढ़ कर भी सुनाता हूं जिस में लिखा हैं:–

" As Chief Minster the responsiblity to meet aspirations of the peopel of Haryana to get Chandigarth is yours and yours alone. If you need opposition help you support you have only ask for it. If you need the people to agitate to lend your supprot yon have only say so. If Chandigarth can be got only by a fast it is for you to under take it. Chandigarth must be unable to get Chandigarth for Haryana I humble request you are self interrest and step down

to make room for those who can get it. Do not betray the people of Haryana".

मैडम मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता हैं कि मूझे इस चिट्ठी का जवाब अभी तक भी नहीं आया (अपोजीशन की तरफ से शेम शेम की आवाज) मैंडम, मैने बताया हैं कि सरदार गुरनाम सिंह चीफ मिनिस्टर पंजाब ने चण्डीगढ़ लेने के लिए क्या–क्या किया। अब इस मुकाबले में मैं यह बताता हूं कि हमारे चीफ मिनिस्टर साहब श्री बंसी लाल ने क्या–क्या किया? श्री बंसी लाल जी ने कोई भी ऐजीटेशन हरियाणा में नहीं होने दी। इनको यह मालूम होना चाहिए था कि सेंटर वाले सिर्फ एक ही जबान समझते हैं, हमारे मुल्क मुल्क के अन्दर जितनी भी जबान के बेसिज पर स्टेटस बनी वह ऐसे ही नहीं बनी, जहां पर किसी ने डंडा सम्भाल लिया वहां पर ही स्टेट बन गई और उनको जगह मिल गई, लेकिन हरियाणा में इन्होनें कोई ऐजीटेशन नहीं होने दी। जहां देखा पुलिस भेज दी या दफा 144 लगा दी, इन्होनें अपोजीशन को कान्फीडेंस में लेने से इनकार कर दिया। हमारे अपोजीशन के लीडर ने इनको कहा कि हम हर तरह से आप की मदद करने के लिये तैयार हैं और आप अगर चण्डीगढ़ इशु पर अस्तीफा भी देना पड़े तो कोई बात नहीं हम अपोजीश्न वाले आप के साथ मिल कर गवर्नमैंट बना लेंगे। लेकिन मैंडम, इनको चण्डीगढ़ प्यारा नही था। इसलिये इन्होंनें पंजाब को दे दिलवा दियाण इनको तो अपनी गद्दी से मतलब था। मैंडम, जहां तक इस फैसले का ताल्लुक हैं यह 29 तारीख को एनाऊस हुआ था। मेरे

पास एक अखबार हैं अम्बाले का जिस से यह जाहिर होता हैं कि यह फैसला चौधरीी बंसी लाल को 10 जनवरी को मालूम था इस अखबार को मैं सदन की मेज पर रखता हूं। उस अखबार में लिखा हैं कि इंदिरा गांधी ने श्री बंसी लाल को बुला कर कहा कि हम आप को चण्डीगढ़ नहीं दे सकते क्योंकि आप को यह दे देंगे तो हम बिल पार्लियामेंट में नही पास कर सकेंगे और उन्होंनें यह इनको कहा कि तुम हरियाणा के अन्दर जाओ और लोगों की जो आशा बन रखी हैं। कि हम चण्डीगढ़ ले कर देंगे उस को दबा दो। इस चीज का चौधरी रणबीर सिंह जी को भी 15 जनवरी को पता लग गया था। इसलिये मैं समझता हूं कि अगर उस वक्त यह प्रीकौशन ले लेते तो इतना खूनखराबा नहीं होता लेकिन इन्होनें उस वक्त कोई प्रोकौशन नहीं लिया, क्योंकि यह सिर्फ चण्डीगढ़ ही नहीं देना चाहते थे उस के साथ ही लोगों का खुन भी मांगते थे।

उपाध्यक्षाः आप का टाईम हो गया।

श्री एस0 पी0 जयसवालः जहां तक गोलियों का सवाल हैं अगर चीफ मिनिस्टर साहिब ने यहां पर बताने से इन्कार कर दिया हैं कि कहां पर कितनी गोलियां चली तो उस के बारे में मैं यहां पर बताता हूं। मैंडम, रिवाड़ी के अन्दर 36 गोलियां, 303 की चलाई गई, 303 की गोली की विलौसिटी इतनी होती हैं कि अगर चार आदमियों की लाईन बनाकर चलाई जाए तो चारों में से निकल जाएगी। इन्होंनें मासूम बच्चों, 11, 11 साल के बच्चों पर

गोलियां चलाई, कितनी शर्मनाक बात हैं हय इन के इस कारनामे से हमारा खुद का सिर शर्म से झुक जाता हैं। मैडम, माताओं के लाल चले गए, मासूमों बच्चे मारे गये। क्या यही ला एंड आर्डर हैं इनका? मेरे दोस्त बनारसी दास जी यहां मौजुद नहीं हैं उन्होनें कहा था कि इस गवर्नमैंट ने बड़ी काबलियत का सबूत दिया जो हिसार के अंदर गोली नहीं चलने दी। वह मुझे इस बात का जवाब दें कि जब वहां पर गोली रोकी जा सकती थी और वहां पर डी0 एस0 पी0 लोगों को हाथ जोड़ कर कह सकते थे कि कोई खराबी न करो तो क्या रिवाड़ी में गोली चलने से नहीं रोकी जा सकती थी। अगर यह चाहते तो रोकी जा सकती थी लेकिन इन्होंनें यह सब कुछ जान बुझकर कर वहां पर करवाया जिस के लिए लोग इनको बिल्कुल मुआफ नहीं करेंगे। जहां तक हरियाणा के पीस का ताल्लुक हैं उस का सिर्फ एक ही तरीका हैं जिस से पीस आ सकता हैं और वह हैं चौधरी बंसी लाल की गवर्नमैंट का इस्तीफा दे दें वर्ना यह आग फैलती रहेगी और कभी रूकेगी नहीं।

फिर मैडम कहा गया हैं कि चण्डीगढ़ के बदले में हमें फाजिल्का मिल गया हैं। लेकिन मै कहना चाहता हूं कि ऐसी बात नहीं हैं। चण्डीगढ़ पंजाब को तो मिला हैं और वह इसलिये कि पंजाब उसके लिये लड़ा। मैं इस मौके पर हाउस को वार्न करता हूं कि फाजिल्का के लिए पंजाब वही लडाई लड़ेगा जो उसने चण्डीगढ़ के लिए लड़ी थी संत फतेह सिंह ने तो एलान कर दिया कि पंजाब के लोगों, फाजिल्का के लिये कुरबानी दैने के लिये

तैयार हो जाओ और सरदार गुरनाम सिंह ने तो याहं तक कह दिया हैं कि फाजिल्का की लड़ाई पार्लियामेंट में लड़ी जायेंगी। चौधरी रणबीर सिंह ने कहा कि वहां कि अपोजीशन पार्टिया अब फाजिल्का के मामलों में पंजाब की मदद करेंगी। इस लिये मैं कहना चाहूता हूं कि अगर फाजिल्का लेना हैं तो इस इस चीफ मिनिस्टर को बदलो और दूसरा चीफ मिनिस्टर बनाओ और किसी ऐसे आदमी को बनाओ जो फाजिल्का लाकर दिखाए। हम जान की कुरबानी देने के लिए तैयार है अगर मांगेगे तो, लेकिन आगे तो बढ़ो....(चौधरी नेकी राम की तरफ से विघ्न) चौधरी नेकी राम, मैंने आप पर कुमेंट नहीं किया हैं लेकिन अफसोस हैं कि आप चुप नही रह सकते।

श्री मंगल सैनः चुप कैसे रहें वजीर जो बनना हैं (हंसी)

श्री एस0 पी0 जयसवालः मैं अर्ज करना चाहता हूं कि अगर हरियाणा को डिसइन्टैगरेट कराना हैं तो चौधरी बंसी लाल से प्यार करो और इसे बनाये रखो लेकिन अगर आप हरियाणा को बचाना चाहते हैं तो चौधरी बंसी लाल को बदलो और कोई नया चीफ मिनिस्टर बनाओ (विघ्न)। मैं बताना चाहता हूं कि यह मायुनौरेटी रिपोर्ट हैं, शाह कमीशन की, जो गवर्नमैंट आफ इंडिया ने एक्सैप्ट की हैं, जिसमें लिखा हैं कि कालका हिमाचल प्रदेश को दिया जाये। मैडम आप इनको समझा दो कि जिस तरह से चंडीगढ़ गया उसी तरह से कालका भी हिमाचल प्रदेश में जायेगा (विघ्न और शोर) मैं आप से अर्ज करना चाहता हूं कि अगर

कालका को बचाना हैं और फजिल्का को लेना हैं , और हरियाणा को डिसइन्टैगरेट से बचाना हैं तो इन चौधरी साहब से कहो कि वह हमें माफ करें और गद्दी से हट जायें।

श्री के0 एल0 पोसवालः उनको हटाने के लिए हरियाणा का सबकुछ कुरबान कर दोगे? अच्छे खैरख्वाह हो हरियाणा के। (शोर)

श्री एस0 पी0 जयसवालः मैडम इन अलफाज के साथ मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं जो आपने बोलने का टाइम दिया हैं।

(इस समय बहुत सारे सदस्य बोलने के लिये खड़े हो गये)

उपाध्यक्षाः अब खान साहब बोलेगे। (विघ्न एंव शोर)

सरदार तेजा सिंहः डिप्टी स्पीकर साहिबा, अब मैंने बोलना हैं इसलिये मुझे टाइम दिया जाये। आपने सब को टाइम दिया हैं लेकिन मैं जो अकाली पार्टी की तरफ से हूं उसे टाइम नहीं दिया गया हैं .....(शोर)

उपाध्यक्षाः मैंने खान साहब को काल अपौन कर लिया है और अब वह बोलेंगे आप बैठ जायें।(शोर)

सरदार तेजा सिंहः मैंने अकाली पार्टी की तरफ से बोलना हैं और अभी तक मुझे टाइम नहीं दिया गया...(शोर)

Deputy Speaker : Please resume your seat.

चौधरी जय सिंह राठी: आन ए प्वाइंट आफ आर्डर मैंडम। टाइम की जो एलाटमैंट हुई हैं वह अकारडिंग टू पार्टीज हुई हैं। मै आप से दख्वास्त करता हूं कि यह भी एक पार्टी के नुमाइंदे हैं इसलिये इनको भी टाइम मिलना चाहिये। अगर अभी नहीं दे सकते तो यह यह कह दें कि खान साहब के बाद मिल जायेगी।

उपाध्यक्षा: देखिये, हम ने दोनों पार्टीज के लिये बराबर–बराबर टाईम रखा हैं । मैं बताना चाहती हूं कि अपोजीशन के 15 मिनट रहते थे लेकिन जब बहन सुमित्रा जी बोलने के लिये उठी तो उनको मैंने 20 मिनट दिये। जब आधा घन्टा टाइम बढ़ाया गया तो अपोजीशन के 15 मिनट बनते थे लेकिन मैंने जायसवाल साहब को 25 मिनट दिये। फिर भी मैं अपोजीशन से कहना चाहती हूं कि मैं आपके मिनट्स गिनवा रही हूं अगर कमी हुई तो और दे दूंगी।

मेजर अमीर सिंह चौधरी: आन ए प्वायंट आफ आर्डर, मैडम । मै कहना चाहता हूं कि यह माइनौरिटी का सवाल हैं मैं अर्ज करना चाहता हूं कि इनको पांच मिनट जरूर दे दें।

उपाध्यक्षा: आल राइट।

खान अब्दुल गफ्फारखां (नग्गल): डिप्टी स्पीकर साहिबा बड़े जोर के साथ मैम्बर साहिबान ने इस ऐड्रैस पर अपने ख्यालात

का इजहार किया हैं। कुछ गर्मी भी आई कुछ लोगों में जोशो खरोश भी हुआ लेकिन असल बात यह हैं कि मेरे दोस्त जो अपोजीशन में बैठे हुये हैं इनके सामने चण्डीगढ़ का मामला हो, चाहे गोली चलने का मामला हो, या दूसरी बातें हो, एक ही बाते हो, एक ही बात रहती हैं कि कांग्रेस सरकार को तोड़ दिया जाये। और इस बंसी लाल की सरकार को तोड़ दिया जाये। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि बंसी लाल सरकार चौधरी बंसी लाल की नहीं कांग्रेस की सरकार हैं और हम इस कांग्रेस की सरकार को किसी भी सूरत में भी टापल डाउन करने की इजाजत नहीं देंगे। (सरकारी बेंचों की प्रशसा) आपने अपना पूरा जोर लगा लिया और आपने यहां तक किया कि पहले ही दिन नो कांफिडेस मोशन का नोटिस दे दिया लेकिन जब देखा कि ऐसे काम नहीं चलेगा तब कहने लगे कि नहीं अब हम वापस लेते हैं वापस कर दो। यह हैं आपकी जुरर्त औ दिलेरी! मैं आपको कहता हूं कि आओ वह मोशन ले आओ हम आपको ऐसा करने की दावत देते हैं। पिछली गवर्नमैंट मैं कहा जाता था कि मोशन न लाओ लेकिन हम आपको दावत दे रहे हैं कि लेकर आओ। कैसी बातें करते हैं आप? डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं ज्यादा लम्बा चौड़ा कुछ नहीं कहूंगा। मैं चण्डीगढ़ कि बारें में कुछ बातें कहना चाहता हूं। चण्डीगढ़ हमारे से जाता रहा जिसका हमें बड़ा अफसोस, बड़ा सदमा और क्या लफज इन्होंनें कहा था....हां तो वह खेद भी हैं। इसमें शक नहीं...

...

श्री फतेह चन्द विजः आन ए प्वांयट आफ आर्डर, मैंडम, दो चार दिन से यानी जब भी यह सैशन शुरू हुआ हैं तब से खान साहब को भी मौका मिलता हैं, यह हमारी राज्य भाषा का तमसखरा उड़ाते आ रहे हैं।

उपाध्यक्षाः यह प्वायंट आफ आर्डर नहीं हैं।

श्री फतेह चन्द विजः यह बजुर्ग हैं और तावजुन रख नहीं सकते। और कोई बात हमसे कहीं जायेगी तो इनको महसूस होगी।

खान अब्दुल गफ्फार खांः अगर खेद लफ्ज का मजाक उड़ना हैं तो फिर मैं नहीं समझता कि उसका एजाज कौन सी बात हैं। (व्यवधान) ठीक हैं, हरियाणा बनने के बाद चण्डीगढ़ गया और यह भी ठीक हैं कि हमें एक निहायत जरखेज इलाका मिला हैं जिसको फाजिल्का कहते हैं। मुझे उन भाइयों से इत्तफाकर नहीं हैं कि जो पहले यह कहते हैं कि चण्डीगढ़ छोड़ दिया जाए, हम इसको लेने के लिये कोशिश कर रहें हैं और अपने मुतालबा को कायम रखते हैं। एक चौधरी साहब यहां बैठे हुए थें, अब पता नहीं कहां चले गये, वे फरमा रहे थे। वे कुछ रोमाटिक हो गये, उन्हें इस उमर में रोमांस हो गया। उन्होंनें फरमाया कि चण्डीगढ़ धर्मपत्नी हैं, लाडो चली गई, पराई हो गई।.....

उपाध्यक्षाः खान साहब, मैं आप से रिक्वैस्ट करती हूं कि आप अपनी स्पीच जल्दी खत्म करें। इस वक्त 6 बजने में 10

मिनिट हुए हैं, लीडर आफ दी हाउस को बोलने में एक घन्टा लगेगा, इसलिए आप जल्दी खत्म करें।

खान अब्दुल गफ्फार खांः मैं दस मिनट मे खत्म कर दूंगा। मैं अर्ज कर रहा था कि उन्होंनें कहा हैं कि वह तो पराई हो गई हैं, हमें उसका रंज हुआ हैं, सदमा हुआ हैं। यह भी कहा जाता है कि धर्मपत्नी ने न तो तलाक लिया और न खुला लिया। हमारे यहां खुला उसको कहते हैं कि जब औरत की तरफ से, बीवी की तरफ से तलाक हासिल करते हैं। इन्होंनें किया क्या कि हमारे पास से उठकर जनाब, एक रकीब के पास जाकर बैठ गये। रकीब कौन हैं, वह हमारे बगल में बैठा हैं.....(व्यवधान) हमारी नजर बरदाश्त नहीं कर सकी कि हम देखते रहे कि लाडो दूसरों के पास जाकर चादर डलवा लें।

मोहतरिम डिप्टी स्पीकर साहिबा, सवाल यह हैं, कि यहां पर कहा जाता हैं कि चण्डीगढ़ के फैसले के बारें में मालूम हो गया था, एक महीना पहले मालूम हो गया था, इसमें क्या फर्क पड़ता हैं क्योंकि यह सैन्ट्रल गवर्नमैंट का काम था कि फैसला किसा जाए। सैन्ट्रल गवर्नमेंट के पास, हमारी सरकार ने कहा था कि हमने उनको सालस तसलीम किया हैं। और जब सालस ने सालसी फैसला दे दिया तो कहने लगे कि अच्छा फैसला नहीं किया। हमें जब भी मौका मिलेगा, हम इसको वापिस लेने की कोशिश करेंगे। ठीक हैं , फैसला आठ दिन पहले हो गया था। जरा आप भी बतायें, आपके सूबे का सैन्ट्रल गवर्नमैंट फैसला कर

रही हो, जिस कों आपने सालिस मुकर्रर किया हैं सालस अपनी मर्जी के मुत्ताबिक अपना फैसला देता हैं तो फैसले के बाद यह कहना बड़ी अजीब बात हैं कि फैसला गल्त हो गया इस में कोई शक नहीं हैं कि लोगों की जाने तलब हो गई क्योंकि लोगों में जोश था, जजबा था और वह जोश उभारा गया था। यह ठीक हैं, जजबात के तहत लोगों से बाज दफा ऐसी बात भी हुई थी जो नही होनी चाहिए थी। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आपकी बिसातत से सरकार से दुरख्वास्त करूंगा कि जजबात में आकर जिन लोगों ने कुछ किया हो, या करने वालों के साथ ऐसे ही चले गये और पकड़े गये, जिन्होंनें आग नहीं लगाई, स्टेशन नहीं जलाया और पटरियां नहीं उठाई उन को माफ किया जाए।

श्री के एल पोसवालः उनको तो छोड़ दिया गया हैं।

खान अब्दुल गफ्फार खांः अभी–अभी मिनिस्टर साहब ने बताया हैं कि उनको छोड़ दिया गया, मैं समझता हूं कि बड़ा अच्छा काम किया हैं। अब सवाल पैदा होता हैं कि इन्होंनें ऐसा क्यों किया? इन्होंनें ऐसा इसलिये किया कि जिस वक्त फैसला हुआ, अपोजीशन वाले लोग, लोगों के लड़को भड़काते रहे। For God's sake save us from these friends. जनता को जोश दिलवाकर इन्होंनें यह कोशिश की सरकार को बदनाम किया जाए। मैं कहता हूं कि सरकार तुम्हारे बदनाम करने से बदनाम नहीं होगी, वह तो अमलों की वजह से बदनाम और नेकनाम होगी। अगर सरकार ने नेकनामी के काम किये हैं तो हजार दफा भी कहें

कि बंसी लाल को हटा दो, वे कभी नहीं हट सकते। अगर आप कहते हैं तो पब्लिक में सबूत देना होगा, अगर पब्लिक आपकी बात मानेगी तो आज नही तो कल, कल नहीं तो परसों बंसी लाल जी हट जाएंगे। लेकिन नहीं, लोगों को इस बात का यकीन हैं, मुकम्मल यकीन हैं कि इस सरकार ने जो काम किये हैं वह पहली सरकारें नहीं कर सकी थी। इस सरकार के बारे में मैं अर्ज करता हूं कि इसने बहुत सी ऐसी बातें कहीं हैं कि जो दुनिया की ताकत नहीं कर सकी ये कहते हैं कि यह नहीं हुआ, वह नहीं हुआ, हम कोशिश करते हैं, हमारी सरकार कोशिश करती हैं कि सब काम ठीका होना चाहिए। जिस बात को हम समझते हैं कि फलानी बात मुकम्मल नहीं हुई, हम उसको मुकम्मल करवाने की कोशिश करते हैं। मैं अर्ज करता हूं, जब कोई इन्सान मुकम्मल होता हैं तो वह जाता रहता हैं और नहीं जाये तो स्टैगनेंट हो जाता हैं। हमें हमेशा तरक्की के लिए कोशिश करनी चाहिए वरना हम स्टैगनेंट हो जायेंगे।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मुझे अफसोस इस बात का हैं कि गवर्नर ऐड्रेस पर सुजैशन्ज दी जाती हैं लेकिन कोई मैम्बर सुजैशन नहीं देता, सिवाये इसके कि लोगों को डांट डपट करें, लोगों को बुरे भले और अनपार्लियमेटरी शब्द कहें। इस डेमोक्रेसी में इनको सब कुछ कहने की छुट्टी मिली हुई हैं.....(व्यवधान) ऐसा नहीं करना चाहिए, हमारा यह फर्ज हैं कि डेमोक्रेसी को ठीक रखें, इसको छिन्न–भिन्न न होनें दें। तुम जो चाहो करते रहो,

लेकिन हम तो डेमोक्रेसी के मुताबिक काम करते आये हैं और करते रहेंगे। अब रहा सवाल चीफ मिनिस्टर का, अगर बंसी लाल जी चीफ मिनिस्टर है तो मेरी सरकार में कोई कमी नहीं, कोई खामी नहीं जिसका बिना पर मैं बंसी लाल को न मानूं। कोई मिनिस्टर भी नहीं कहता कि इस में कोई खामी हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, दुनिया के हर इन्सान में कभी न कभी, कोई न कोई खामी रहती हैं। मैंने अर्ज किया था और आज भी अर्ज करना चाहता हूं कि गल्ती करना तो मामूल बात हैं क्योंकि टू एर इज ह्यूमन। मैं आप से अर्ज करना चाहता हूं, पहले भी कई दफा कहा और आज भी दोहराना चाहता हूं। कि गल्ती तीन हस्तियों से नहीं होती। एक तो वाहेगुरू, परमेश्वर, अल्लामियां से नही होती। वह जो कुछ करता है ठीक ही करता हैं। दूसरे मैंरे विश्वास के मुताबिक जो, फरिश्ते खुदा ने मुकर्रर किए हैं, उनसे **(6.00P.M.)** उनसे उस ड्यूटी में कोई गल्ती नहीं हो सकती जो उनके सुपुर्द की गई हैं और तीसरी जो सबसे बड़ी कम्बख्त हस्ती हैं जो कभी गल्ती नहीं करती वह हैं शैतान। कभी भी भूल कर उससे गल्ती नहीं होती कि किसी इन्सान को ठीक रास्ते पर चलाए, हमेशा उल्टे रास्ते पर ही चलाएगा। देखिए, साहब, न तो हम वाहेगुरू हैं, न परमेश्वर हैं, और न ही अल्लामिंया हैं, न हम फरिश्ते हैं और न हम शैतान हैं, हम तो इन्सान हैं, महज इन्सान और इन्सान होने के नाते से हमसे गलती भी होगी लेकिन देखना यह हैं कि गल्तियां ज्यादा हो रही हैं या कम होती जा रही हैं? अगर मेरे इधर वाले दोस्त यह कहें कि हमसे गल्ती नहीं होती तो यह बात

मैं नहीं मान सकता। मैं तो आपको खुदा, वाहेगुरू, परमेश्वर और फरिश्ता मानने से रहा अगर आप ख्वामखाह के लिए कहलाना चाहें तो आपकी मर्जी। (घंटी) बस, डिप्टी स्पीकर साहिबा, केवल एक मिनट और लूगां। मैं अपने उधर बैठे हुए भाइयों से इल्तजाह कर रहा था कि ठीक हैं कि आपने हमारी गल्तियां बताई, खामिंया बताई, कमिंया बताई और हमारा फर्ज हैं कि उनको दूर करें लेकिन एक बात मैं कहना चाहता हूं। फारसी की एक मिसाल हैं–

ऐ बश हमां गुफ्ती हुनरश नीज बिगोह।

इसका मतलब यह हैं कि तमाम एब तो बता दिए लेकिन खुदा के वास्ते कोई हुनर भी तो बता दीजिए। इसलिए मैं आपको उधर बैठने बैठने वालों को यह बताना चाहता हूं कि अगर आप यह समझते हो कि इधर बैठने वाले आपको रोजाना प्रौपेगन्डे से मुतासिर होकर अपनी सरकार यानी कांग्रेस सरकार को तोंड़ेंगे तो आपकी मायूसी होगी और नाकामीयाबी होगी। आप हमारे से अपनी ही गवर्नमेन्ट के खिलाफ काम करने की कोई तवक्की और उम्मीद न रखिये।

आखिर में मैं एक बात कहना चाहता हूं कि राजकुमारी साहिबा ने जो तजवीज बताई, सुजैशन दी, मैं समझता हूं कि वे अमल करने लायक हैं। चीफ मिनिस्टर साहब उस वक्त यहां नहीं थे मगर मुझे उम्मीद हैं कि वे अपने मन्त्रीयों से जो उस वक्त यहां तशरीफ फरमाये हुए थे, उन बातों का पता करेंगे और उन पर

अमल करने की कोशिश करेंगें। शराब के मुताल्लिका, मैं अपने सरकार से कहता हूं कि वह महात्मा गांधी की बात याद रखते हुए इस लानत को यहां से जल्दी से जल्दी दूर करने की कोशिश करें वरना इससे लोगों की सेहत खराब होगी, लोगों का दिमाग खराब होगा और मौरल वैल्यूज बिल्कूल खत्म हो जायेगी।

इतना कहकर डिप्टी स्पीकर साहिबा, आपके द्वारा में चीफ मिनिस्टर साहब की खिदमत में अम्बाला के बारे में इतना ही कहता हूं कि.....

गुल फेंके हैं ओरों की तरफ बल्कि समर भी

ऐं खाना बरअन्दाज कुछ तो इधर भी, कुछ तो इधर भी।

(वाह, वाह की आवाजें और हंसी)

जहां आप और जगह बहुत कुछ काम करवाते हैं वहां अम्बाला का भी कृपया ध्यान रखा करिए।

सरदार तेजा सिंहः डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आपका धन्यवाद करता हूं जो पांच मिनट आपने मुझे बोलने के लिए दिए। मैं चार मिनट में ही अपनी गल्लां कह दूंगा। डिप्टी स्पीकर साहिबा, बड़े दुःख के साथ यह बात कहनी पड़ती हैं (विघ्न) मैं आपके के द्वारा सारे एम0 एल0 ए0 साहबान और चीफ मिनिस्टर साहिब को बताना चाहता हूं कि मेरे इलाके से आज ही पंचायतें

आई हैं...(शोर) डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आपके जरिए बताना चाहता हूं कि मेरे इलाके के सारे पिंडी में पुलिस आती हैं.....डिप्टी स्पीकर साहिबा, बड़े दुःख के साथ कहना पड़ता हैं कि हालांकि मेरा सारा इलाका पंजाबी (शोर)

श्रीमति ओम प्रभा जैनः मैडम, डिप्टी स्पीकर साहिबा, औन ए प्वायंट आफ आर्डर। जिस तरीके से ये स्पीच कर रहे हैं क्या इस तरीके से बात करना हरियाणा विधान सभा में अलाउड हैं? यह गलत बात हैं कि पंजाबी बोलने वाले हैं मगर उनसे हिन्दी में दस्तखत कराए गए। इनको स्टौप कराया जाए।

सरदार तेजा सिंहः डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आपके जरिए चीफ मिनिस्टर साहब को यह बताना चाहता हूं कि आज पंच और सरपंच मेरे कमरे मे बैठे हैं। मैं गलत ब्यानी नहीं करूंगा। (शोर).... डिप्टी स्पीकर साहिबा, यहां ही बस नहीं....शोर... हरियाणा में जो कुछ हो रहा हैं मैं उसके बारें में आप जी को बताऊंगा कि जो गुरूद्वारा साहब.....मेरे मानयोग गवर्नर....विघ्न.... मैं किसी टाईम में नहीं बोला हूं। मेरे वीर कृपा करके मुझे बोल लेने दें। मैंने बड़ी दुःख भरी बातें कहनी हैं। मेरे मानयोग गवर्नर साहब ने ऐड्रैस पढ़ने से पहले कुरूक्षेत्र के बारे में एक बात कही... ..

मलिक मुख्तियार सिंहः डिप्टी स्पीकर साहिबा, आन ए प्वायंट आफ आर्डर। मेरी अर्ज यह हैं कि यह हाउस पंजाबी सूबे

के लिए प्लेटफार्म के रूप में इस्तेमाल किया जाना चाहिए। यह बहुत गलत बात हैं।

सरदार तेजा सिंहः कुरूक्षेत्र की भूमि बड़ी पवित्र बताई थी। मैं भी बड़ी पवित्र कहता हूं...

उपाध्यक्षाः सरदार तेजा सिंह जी आप ठीक–ठीक बोलें। ऐसी चीज न बोलें जो हरियाणा की असैम्बली में रूल्ज के विरूद्ध हो।

सरदार तेजा सिंहः बहुत अच्छा जी।

उपाध्यक्षाः मैं आनरेबल मैंम्बर्ज की नौलेज के लिए बताना चाहती हूं कि मुझे डाक्टर मंगल सेन ने लिखकर भेजा हैं कि इनको टाइम दिया जाए। शोर

श्री मंगल सैनः डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह तो हमारी अपनी एडजस्टमैंन्ट हैं कि हम में से किसको टाइम मिलना चाहिए। एस0 वी0 डी0 की सैक्रेटरी की हैसियत से मैंने आपको लिख कर भेजा हैं, मैं इस बात से इन्कार नहीं करता लेकिन जो कुछ ये कह रहे हैं हम उससे इत्तफाक नहीं करते।

सरदार तेजा सिंहः गवर्नर साहब ने एक बड़ी चंगी बात कही हैं अपना ऐड्रैस पढ़ने से पहले। कुरूक्षेत्र की पवित्र भूमि में उन्होंनें गीता की बात कही। मैं कुरूक्षेत्र की भूमि का धन्यवाद करता हूं कि वह महापुरूषों और ऋषियों की धरती हैं लेकिन

दु:ख की बात हैं कि उस कुरूक्षेत्र की भूमि के ऊपर इस सरकार ने इस एजिटेशन के दौरान गुरूद्वारा की पवित्रता भंग की, गुरूद्वारे के भाई जी को मारा और सोनीपत में निशान साहब को तोड़ दिया तथा गुरूद्वारों की पवित्रता भंग की.....शोर.... दादरी में गुरूद्वारे के ग्रन्थों को मारा गया (शोर)।

श्री ओम प्रकाश गर्गः डिप्टी स्पीकर साहिबा, आन ए प्वायंट आफ आर्डर। मैं, यह कहना चाहता हूं कि वहां किसी हिन्दू ने किसी गुरूद्वारे की बेइज्जती नहीं की हैं। वहां पर सरदार पकड़ा गया हैं। वहां के भाई जी और इन्होंनें मिलकर सरदारों से कराया है। वहां के एस0 डी0 एम0 ने मौके पर जाकर सारी पोजीशन सम्भाली और एक सरदार, जिसका नाम मैं भूल गया हूं, आप इनसे पता कर सकते हैं, गिरफ्तार हुअर हैं और वहां का ग्रंथी भी गिरफ्तार हुआ हैं। इन्होंनें खुद शरारत फैलाने के लिए ऐसा किया हैं (शोर)

सरदार तेजा सिंहः दादरी शहर के बीच गुरूद्वारे की पवित्रता को कांग्रेसी वीरों ने लोगों को सीखाकर जानबुझकर भंग करवाया हैं। शोर

श्री के0 एल0 पोसवालः आन ऐ प्वायंट आफ आर्डर। मैं आपसे बड़े अदब के साथ रीक्वैस्ट करूगा कि इस तरह स्पीच, जो कोम्युनल हो और हमारे हरियाणा के खिलाफ हो, उसे कहने के लिए यहां इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। इसके अलावा मैं आगे

के लिए दरख्वास्त करूंगा कि ऐसे आदमी को टाईम देने की जरूरत नहीं होनी चाहिए ताकि ये हरियाणा के खिलाफ न बोलें और जजबात न भड़के। यह हरियाणा के हक में नहीं बोल रहे हैं

उपाध्यक्षाः पोसवाल साहब, चेयर को मालूम होता हैं कि किसी आनरेबल मैम्बर ने क्या बोलना हैं। जिस वक्त कोई बोलता हैं और आबजैक्शनेबल बात बोलता हैं उस वक्त आप चेयर को कह सकते हैं और चेयर उसको बोलने से बंद कर सकती हैं। अब वैसे तो टाइम इनका हो ही गया हैं लेकिन एक मिनट इनको और देती हूं मगर तेजा सिंह जी, मैं आपसे कहती हूं कि अगर आपने कोई आबजैक्शनेबल चीज कही तो आपको आगे बोलने की इजाजत नहीं दी जाएगी। (शोर)

सरदार तेजा सिंहः मैं हाउस से कहता हूं कि कांग्रेसी भाइयों ने गुरूद्वारे की पवित्रता को जो भंग करवाया हैं उसे कैसे बर्दास्त किया जा सकता हैं? शोर

चौधरी राज सिंह दलालः डिप्टी स्पीकर साहिबा, आन ए प्वायंट आफ आर्डर। एस0 वी0 डी0 के नेता डाक्टर मंगल सैन जी, जिन्होंनें आपको लिखकर दरख्वास्त की कि इनको टाइम दिया जाए वे स्वंय इस बात के हक में हैं कि वे गलत बोंले। आपकी मारफत मैं डाक्टर साहब से दरख्वास्त करूंगा कि वे ऐसे आदमी को एस0 वी0 डी0 से निकाल दें। उनमें हिम्मत होनी चाहिए ऐसा करने की। ताकि ऐसा आदमी एस0 वी0 डी0 में न रहें।

उपाध्यक्षाः यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं हैं। आप बैठ जाइए।

श्री मंगल सैनः चौधरी राज सिंह जी की बात गौर करेंगे।

संसदीय सचिव (सरदार प्यारा सिंह): डिप्टी स्पीकर साहिबा, सरदार तेजा सिंह को बैठे दो हफ्ते के बाद पता नही कहां से ख्याल आ गया (शोर)

Sh. S.P. Jaiswal: May I know. Madam, whether any Member can make a speech while making a submission on a particular point? And, if it not a Point of Order, he should not be allowed to speak.

उपाध्यक्षाः सरदार प्यारा सिंह जी आप का प्वायंट आफ आर्डर हैं या क्या हैं?

सरदार प्यारा सिंहः मैं तो सबमिशन कर रहा हूं जी। शोर

उपाध्यक्षाः आप कोई स्पीच न दें, मेरे पास टाइम नहीं हैं।

सरदार प्यारा सिंहः बहुत अच्छा जी। डिप्टी स्पीकर साहिबा, हरियाणा सरकार ने गुरूद्वारों का अच्छा इन्तजाम किया हैं। सारी स्टेट में गुरूद्वारों के बाहर पुलिस का पहरा था और अगर कहीं कुछ पागल आदमियों ने किसी गुरूद्वारे को डैमेज किया

हैं तो वहां सरकार ने पूरा मुआवजा दिया हैं। मुझे सरदार तेजा सिहं की बात समझ में नहीं आती क्योंकि मैं तो हाल ही में हरियाणे के तमाम गुरूद्वारों में दख कर आया हूं.....शोर...

उपाध्यक्षाः अब आपकी सबमिशन हो चुकी हैं। सरदार तेजाा सिहं जी केवल एक मिनट के लिए आप बोल सकते हैं।

सरदार तेजा सिंहः डिप्टी स्पीकर साहिबा, सरदार प्यारा सिंह जी की बाबत मैं ज्यादा न कहता हुआ सिर्फ इतना ही कहूंगा कि यह आदमी हैं जिसने मेरे बड़े तरले और बिनती की थी कि रौला पाओ ताकि में मिनिस्टर बन जाऊं।.....शोर...

सरदार प्यारा सिंहः यह बिल्कुल गलत बात हैं। (विघ्न एंव शोर)

उपाध्यक्षाः अब मुख्यमंत्री जी बोलेंगे।

WALK OUT

महन्त गंगा सागरः जनाब मैं आपसे गुजारिश करूगां कि यह जो कातिल और खूनी सरकार हैं जिसने बच्चों पर गोलियां चलाई अगर वह हमारी मिनीमम डिमांड को नहीं मानती जो इस सारे मामले में इन्क्वायरी कराने के लिए हैं, तो हम इनको बात हरगिज नहीं सुनना चाहते.....(विघ्न)

श्री के0 एल0 पोसवालः अब उठने लगे। बैठकर सुनने की हिम्मत नहीं रही।

डा0 मंगल सैनः मेरी सबमिशन यह हैं कि क्या चीफ मिनिस्टर इस बात का आश्वासन देने के लिए तैयार हैं कि जो कुछ वाक्यात हुए हैं उसकी जुडीशल इन्क्वायरी करवांएगे।.... (इंटरप्शन)

श्री के0 एल0 पोसवालः ऐश्योंरेंस का टाइम दे दो।

विरोधी दल के सभी सदस्य खड़े हो गये।

उपाध्यक्षाः प्लीज सिट डाउन।

मुख्य मंत्री (श्री बंसी लाल): डिप्टी स्पीकर साहिबा, पिछले तीन रोज से सदन में राज्यपाल महोदय के ऐड्रैस पर बहस चल रही थी....

मलिक मुख्तियार सिंहः हमने एक सबमिशन की और चीफ मिनिस्टर साहब से अर्ज की वह बोलने से पहले ऐश्योंरेस कर दें मगर हरियाणा में वाक्यात हुए उसके लिए वे जुडीशल इन्क्वायरी की बाबत ऐश्योरेस इस हाउस को नहीं देना चाहते। हमारे हरियाणा के सेटीमैंट्स फ्लेयर अप हो चुके हैं.....

Deputy Speaker: I will request you to piease sit down.

इसके पश्चात विरोधी दल के सब सदस्य सिवाए चौधरी चान्द राम के वाक–आउट कर गये।

RESUMPTION OF DISCUSSION ON GOVERNOR'S ADDRESS

श्री बंसी लालः डिप्टी स्पीकर साहिबा, राज्यपाल के भाषण पर पिछले तीन दिन से सदन में बहस हो रही हैं। बहस के दौरान के दौरान अपोजीशन के किसी मैम्बर महोदय ने कोई खास सुझाव नहीं दिया और न कोई कंस्ट्रक्टिव स्पीच की। उन्होंनें एक ही बात की, व्यक्तिगत नुक्ताचीनी! मैं हैरान था यह बहस सुनने हुए, कि विरोधी पार्टी के मेम्बरान बोल रहे थे राज्यपाल महोदय के ऐड्रैस पर, और बातें करते थे व्यक्तिगत। हर आदमी व्यक्तिगत बात कर रहा था। हर आदमी सरकार को क्रिटीसाइज करने तथा नुक्ताचीनी करने में लगा रहा। जितने एलीगेशन अपोजीशन ने सरकार पर, व्यक्तिगत तौर पर मुझ पर या मेरे किसी साथी पर लगाए है वे बिल्कुल बेबुनियाद, निराधार और गलत हैं। इसलिए अपोजीशन के सदस्य इस वक्त उठकर चले गए हैं कि सरकार के खिलाफ उनके पास कहने को कुछ नहीं हैं और न कोई सुझाव उनके पास हैं।

सबसे अहम बात आई चण्डीगढ़ की मसले की। केन्द्रीय सरकार ने चण्डगढ़ और फाजिल्का फैसला किया उसका आमतौर पर जिक्र होता रहा या उस फैसले के होने के बाद स्टेट में जो हालत पैदा हुए उन पर चर्चा होती रही। डिप्टी स्पीकर साहिबा, चंडीगढ़ का मसला 1966 में पैदा हुआ। उस वक्त इसका आरम्भ हुआ जब पंडित भगवत दयाल हमारे प्रांत के सब से पहले मुख्य

मंत्री थे। यह बात किसी से छिपी नहीं हैं कि पंडित भगवत दयाल जी ने चंडीगढ़ के बारे में क्या रोल अदा किया। उन्होंनें आर्बीट्रेशन भी माना और चंडीगढ़ को यूनियन टैरटेरी बना देने पर उन्होंनें कोई किसी तरह का प्रौटैस्ट किया। उन्होंनें एक रोज भी नहीं कहा कि चंडीगढ़ को यूनियन टैरेटरी क्यों बनाया जा रहा हैं या खरड़ तहसील पंजाब को क्यों दी जा रही हैं। अपोजीशन के लीडर के साथ विधान सभा के कई सदस्य थे और लीडर आफ दी अपोजीशन ने खुली राय जाहिर की थी कि चंडीगढ़ हमारी राजधानी नहीं होनी चाहिए और भी अपोजीशन के आदमियों ने भी यही कहा था कि चंडीगढ़ हमारी राजधानी नहीं होनी चाहिए। उसके बाद राव वीरेन्द्र सिंह जी आए। राव वीरेन्द्र जी ने दिल्ली में आबीट्रेशन मानकर आए और अगर वे यह कहें कि वे मान कर आए थे तो मैं इसका सबूत दूंगा कि वे मानकर आए थे। अलबत्ता कुछ समय बाद उन्होंनें भारत सरकार को एक चिट्ठी लिखी जिसमें उन्होंनें बड़ी सफाई से आबीट्रेशन से निकलने की कोशिश की। डिप्टी स्पीकर साहिबा, आपने देखा कि राव वीरेन्द्र सिंह ने एक पत्र होम मिनिस्टर को लिखा और वह भी उस समय जबकि आबट्रेशन को कागज दस्खत होने के लिए आए। प्रांत की जनता इस बात को मानने के लिए कतई तैयार नही कि मौजूदा कि हमने चंडीगढ़ को खो दिया हैं। हम इस बात को मानने के लिए कतई तैयार नहीं कि मौजूदा सरकार के सामने आबट्रेशन का सवाल किसी स्टेज पर पैदा हुआ था या चंडीगढ़ के सिलसिले में हमारी कोई बात नहीं चली थी। एक बात अपोजीशन वालों ने कही हैं

कि हमारी कांग्रेस सरकार मतवातर कहती रही कि चंडीगढ़ हमारा हैं। यह बात ठीक हैं कि हम कहते रहे कि चंडीगढ़ हमारा हैं। हम अपना केस केन्द्रीय सरकार के सामने रखते रहे हैं और चंडीगढ़ के साथ साथ जितने भी हिन्दी स्पीकिंग इलाके हैं उनके लिए भी केस प्लीड करते रहे हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा एक बात मैंने तथा कांग्रेस पार्टी ने हमेशा कही हैं कि हम चंडीगढ़ को हासिल करने के लिए वैधानिक तरीके इस्तेमाल करेंगे। चाहे पंजाब हो, हरियाणा हो, राजजस्थान हो, यू0 पी0 हो, हिमाचल प्रदेश हो, यह सब एक ही देश के प्रांत हैं अगर एक शहर एक प्रान्त को दे दिया जाए तो दूसरा प्रान्त केन्द्रीय सरकार के खिलाफ गैरकानूनी बात तो नहीं कर सकता और न गैर कानूनी ढंग से उत्तेजित हो सकता हैं। इस किस्म का सोचना ठीक नहीं हैं

डिप्टी स्पीकर महोदया, अपोजीशन के मेम्बर उठकार चले गए और वे इसलिए उठकर चले गए कि समझते हैं कि अपोजीशन का रोल मैं अपनी स्पीच में बताऊंगा। जनसंघ या एस0 वी0 डी0 हमारी अपोजीशन का एक अंग हैं। जनसंध के जितने सदस्य इस हाउस के मेम्बर हैं, इनमें सिवाए चौधरी मुख्तियार सिंह के किसी सदस्य ने चंडीगढ़ के विषय में मीटिंग अटेन्ड नहीं की। चौधरी मुख्तियार सिंह जी ने तो व्यक्तिगत रूप से हमारा साथ दिया परन्तु जनसंघ पार्टी, एज ए होल, हरियाणा के इन्ट्रैस्ट के खिलाफत करती रही। (ट्रेजरी बेचों की तरफ से शेम शेम) डा मंगल सैन को कई बार बुलाया गया लेकिन वे कभी नहीं आये।

एक बार वे मेरे दफ्तर में आए और कहा कि चंडीगढ़ के बारे में दिल्ली में मीटिंग करो हम उस मीटिंग में शामिल होंगे और आने का प्रोग्राम चेक आउट कर करेंगे। वहां मीटिंग की गई लेकिन वे शामिल नहीं हुए। चंडीगढ़ का फैसला होने के डेढ़ महीने पहले दिल्ली में यह बात फैल गई कि पंजाब हरियाणा अपना अपना केस चंडीगढ़ के बारे में रख रहें हैं। पूरी कांग्रेस पार्टी, कांग्रेस एम0 एल0 एज0 और एम0 पीज0 तथा दूसरे लोग चंडीगढ़ की वकालत दिल्ली में केन्द्रीय सरकार से करते रहे। अपोजीशन को बुलावाने के बावजूद भी कोई नहीं आया बल्कि चंडीगढ़ के बारे में फैसला दिल्ली में हो रहा था और एस0 वी0 डी0 अपनी मीटिंग प्रांत में कर रही थी और ये लोग आग लगाते फिर रहे थे व जनसंघ ने और ना ही राव वीरेन्द्र सिंह ने किसी किस्म को कोई स्टेटमेंट दिया और चंडीगढ़ के लिये कोशिश की। बल्कि ये लोग जब जब इकट्ठे होते थे तो यह कहते थे कि चंडीगढ़ पंजाब को दे दिया जाए। पिछले दिनों जो भी तोडफोड़ की कार्रवाइयां हुई हैं उनके लिए मैं जनसंघ पार्टी पर ब्लेम नहीं लगाता और न ही जनसंघ पार्टी ने बा–हैसियत जनसंघ तोड़फोड़ करवाई हैं। इनमें वे ही लोग सब से ज्यादा हैं जो राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सदस्य हैं। यह कहा जा रहा हैं कि सरकार ने गोली चलाई और लोगों को मारा। डिप्टी स्पीकर महोदया, सरकार ने लोगों को मारा नहीं, सरकार ने ला–एंड–आर्डर कायम रखने के लिए अपनी ड्यूटी को पूरा किया हैं। जितनी फोर्स इस्तेमाल करना जरूरी समझा गया उतनी ही फोर्स इस्तेमाल की हैं उससे ज्यादा नहीं। मै अर्ज करूं

कि डा0 मंगल सैन और चौधरी मुख्तियार सिंह ने लाबी में मेरे साथ यह बात मानी है कि सरकार ने बहुत संयम से काम लिया हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, जनसंघ पार्टी का जो रोल रहा हैं वह इतना खराब राह हैं कि प्रांत का कोई आदमी सोच भी नहीं सकता। अब बड़ी मेहनत से केस प्लीड करने के बावजूद भी केन्द्रीय सरकार ने यह फैसला किया कि फाजिल्का का इलाका हरियाणा प्रांत को और चण्डीगढ़ का इलाका पंजाब को दे दिया जाये। हम ये बात आज भी मानते हैं कि चंडीगढ़ हिन्दी स्पीकिंग ऐरिया हैं लेकिन देश के इन्ट्रैस्ट मैं हम केन्द्रीय सरकार के फैसले को मान लें। आज हमारे जनसंघ के कुछ भाई तथा रा वीरेन्द्र सिंह यह कहते हैं कि कांग्रेस सरकार ने चंडीगढ़ खो दिया तो मैं कहता हूं कि कांग्रेस सरकार ने चंडीगढ़ के 6–7 गांव लिए हैं। रेलवे स्टेशन लिया हैं और सब से बड़ी बात यह हैं कि फाजिल्का मिला हैं जोकि बहुत उपजाऊ भूमि हैं। मैं अपोजीशन वालों से पूछता हूं कि इनकी क्या अचीवमैंट हैं, इन्होनें चंडीगढ़ के बारे में क्या किया? इस प्रश्न पर कितने इस्तीफा दिया। जब खरड़ तहसील पंजाब को दी जा रही थी उस समय इन्होंनें क्या किया?

क्या इस सदन के किसी मेम्बर ने या हरियाणा प्रांत की जनता ने कभी किसी अपोजीशन के एम0 एल 0 ए0 या किसी एम0 पी0 की तरफ से रिजेंटमैंट होते देखा हैं? उन्होंनें नाम भी नहीं लिया। क्यों नहीं लिया? इसलिए नहीं लिया क्योकि उन दिनों मुख्यमत्री भगवत दयाल जी, हरियाणा प्रदेश कंग्रेस कमेटी के

प्रधान भी थे और लीडर आफ दी हाउस भी थे। जब पहली बार नवम्बर 1966 को चंडीगढ़ का चार्ज यूनियन टेरीटरी के अधिकरी ले रहे थे और पंडित भगवत दयाल जी मुख्य मंत्री पद की हल्फ ले रहे थे। तो कसूर उनका हैं या आज की सरकार का? फाजिल्का का इलाका एक बहुत अच्छा इलाका हैं। बड़ी अच्छी वहां पर फसल होती हैं, बड़ी अच्छी वहां पैदावर होती हैं, हिन्दी स्पीकिंग इलाका हैं, केन्द्रीय सरकार ने वह हमें दिया और इसके लिये मैं प्रधानमंत्री को बधाई देता हूं और हम इस सदन को और हरियाणा प्रान्त की जनता को प्रार्थना करूगां कि नेशनल इन्ट्रैस्ट में हमें यह फैसला जो भारत सरकार ने किया हैं, मान लेना चाहिए। डिप्टी स्पीकर साहिबा, इसके साथा–साथ चंडीगढ़ के फैसल के बाद हमारे प्रांत में एक उबाल लिया। एक ऐसी लहर आयी जिससे कि बहुत सी जगह डिब्बों को जलाया, रेल के स्टेशन जलाये, कारखाने जलाने की कोशिश की, बहुत नुकसान किया और उससे भी नुकसान करने की कोशिश की । तो सरकार के पास इसके अलावा और कोई चारा नहीं था कि ला एन्ड आर्डर को कायम रखें। मैं मानता हूं कि प्रान्त की जनता की चंडीगढ़ के लिए बहुत गहरी भवनाए थी और वह चाहती थी कि चंडीगढ़ हरियाणा को मिले। लेकिन अपने ख्यालात का इजहार करने के लिये पीसपुल प्रदर्शन किये जा सकते थे, मीटिंगज की जा सकती थी जलूस निकाले जा सकते थे, डीमानस्ट्रेशन किये जा सकते थे। अपने ख्यालत का इजहार करने का यह तरीका तो नहीं कि जैसे इन्होंनें आग लगा दी, गाडियां जला दी इंजन जला दिये, स्टेशन

जला दिये, बसें जला दी और डिप्टी स्पीकर साहिबा, आपने पढ़ा होगा अखबारों में कि हमारे राज्यपाल महोदय कि गाड़ी को डैमेज किया गया, उसे बरबाद किया गया। उनकी गाड़ी रोककर सामान लूट लिया गया? क्या कोई भी शासन इस किस्म की बात बर्दाश्त कर सकता हैं? कोई नहीं कर सकता । मैं हरियाणा सरकार के उन अधिकारियों को जो ला एन्ड आर्डर को कायम रखने में लगे हुए थे, उन सब का अभारी हूं उनका धन्यवाद करता हूं कि उन्होंनें बड़े संयम से काम लिया और कम से कम फोर्स इस्तेमाल की और कम से कम गोलियां या लाठीचार्ज किया या टीयर गैस का इस्तेमाल किया। सिर्फ वहीं इन बातों का प्रयोग किया गया जहां बहुत जरूरी था और इसके लिए मैं भारत सरकार का भी बहुत मशकूर हूं कि उन्होंनें इस मौंके पर सैन्ट्रल रिजर्व पुलिस, बी0 एस0 पी0 और आर्मी के फ्लैग माच्र कराके हमारी सहायता की। इसके लिए मैं आर्मी, बी0 एस0 पीण और सी0 आर0 पी0 का भी बहुत शुक्रगुजार हूं।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, अपोजीशन के सदस्यों ने बातें बहुत कहीं। इस मौजदा सरकार के आने के बाद हमारे प्रांत ने कितनी तेजी से डिवैल्पमैंट का काम किया हैं इस बात का भुलाया नहीं जा सकता। हरियाणा प्रान्त की जनता इस बात को मानती हैं और हरियाणा प्रान्त की जनता इस बात को तसलीम करती हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, पिछले दिनो हरियाणा में एक भंयकर अकाल पड़ा। भिवानी तहसील महेन्द्र गढ़ जिले और गुडगांवों

जिले के हिस्से उसका शिकार हुए। झज्जर तहसील, हिसार तहसील का कुछ हिस्सा उसमें आ गया। उसमें हमने लोगों को काम दिया, सड़के बनवायी, लोगों को दूसरा काम दिये, जौहाड़ खुदवाये और उसके लिए नहरें खुदवायी। जितना काम लोगों को हम दे सकते थे, दिया हैं। डिप्टी स्पीकर साहिब, अगर मैं ये कहूं कि पिछले 22 सालों में किसी भी शासन काल में जनता को इतना रिलीफ दुर्भिक्ष के समय नहीं मिला, जितना इस बार मिला तो यह गलत नहीं होगा। इसी तरह डिप्टी स्पीकर साहिबा, अकाल की स्थिति जो हमारे प्रान्त में हुई हैं, उसमें हमें बड़ा नुकसान हुआ हैं। उससे छुटकारा पाने के लिये हमने पिछले दिनों एक कैनाल का काम शुरू किया, जो साढ़े तीन करोंड़ रूपये की लागत से बनेगी और 80 हजार एकड़ भूमि को पानी देगी। काम बड़ी तेजी से चालू हैं। कुछ भाइयों ने कहा कि सारा पैसा भिवानी में लग रहा हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं यह बात कहनें में कोई हिचक महसूस नहीं करता कि भिवानी पैसा खर्च हो रहा। पिछले करीब 22–23 साल में भिवानी में कोई पैसा खर्च नही हुआ, वहां कोई पैसा खर्च नहीं किया गया, कोई डिवैल्पमैंट का काम नहीं। तो आज अगर हम वहां पर पैसा खर्च करते हैं तो कोई गलत काम नहीं कर रहे। लोगों की तो अच्छी हालत हो, अनाज पैदा हो उसके लिए अगर हम ऐसा काम करते हैं तो कोई अन्याय नहीं करते। इसी तरह गुडगांवां में सोहना लिफ्ट स्कीम पर हम बहुत जल्दी ही काम शुरू करने वाले हैं। सोहना लिफ्ट स्कीम पर कितना रूपया खर्च होगा, तो मैं सही आकंड़े नहीं बता सकता

क्योंकि मुझे याद नहीं, मगर मेरा ख्याल हैं कि उसमें करीब 5½ करोड़ रूपया खर्च होगा। उससे हम बहुत जमीन को पानी दे सकेंगे। इसी तरह डिप्टी स्पीकर साहिबा, पिछले कई सालों से वैस्टरन यमुना कैनाल की न तो कभी डीसिल्टिंग हुई, न उसके कभी किनारे रेज हुए न उसकी कभी सफाई हुई और न उसको अच्छी तरह से मेनटेन किया गया। इस बार सरकार ने डिसीजन लिया हैं कि 28 फरवरी तक पूरी वैस्टर्न यमुना कैनाल में जो कुछ भी करना पड़े डी–सिल्टिंग करनी पडें किनारे रेज करने पड़े, एलाइनमैंट बदलना पड़े या जो कुछ करना पड़े, उसको कम्पलीट कर दिया जायेगा। हो सकता हैं कि हम यह काम 28 फरवरी तक पूरा न कर सकें और एक महीना ज्यादा लग जाये मगर काम अभी भी बहुत तेजी से उस पर चालू हैं। कल मुझे भाई एतराज कर रहे थे कि अनएम्पालयमैंट बहुत हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, हमने यह भी कहा था कि हमें उस नहर पर काम करने के लिये मजदूर नहीं मिलते। तो वैस्टरन यमुना कैनाल पर यह काम हो जाने से पानी की सप्लाई में मेरा ख्याल हैं, 10–5 परसैंट यमुना कैनाल पर यह काम हो जाने से पानी की सप्लाई में मेरा ख्याल हैं, 10–5 परसैंट फर्क पड़ जायेगा। इसी तरह डिप्टी स्पीकर साहिबा, हमने लीडर आफ दी अपोजीशन राव वीरेन्द्र सिंह की कंन्स्टीच्यूएन्सी में बोर करवाये हैं और ट्यूबवैल्ज लगा रहे हैं। आज भी हमारे आदमी वहां पर काम कर रहे हैं।

उपाध्यक्षाः सरकार खुद ट्यूबवैल लगा रही हैं या कर्जा देकर लगा रही हैं?

श्री बंसी लालः डिप्टी स्पीकर साहिबा, इसी तरह से चालू साल में पहली अप्रैल, से 31 मार्च तक हम 22 हजार ट्यूबवैल्ज को बिजली कनैक्शन दे चूके हैं इसके इलावा बीबीपुर लेक जो करनाल जिले में हैं, उसके लिए हमने एक करोड़ पांच लाख रूपये की स्कीम बनायी हैं। वह एक बहुत सस्ते पानी की स्कीम होगी। हम उसे बहुत जल्दी इम्पलीमैन्ट करना चाहते हैं लेकिन लोगों की तरफ से कुछ रिजैन्टमैंट हैं, हम उनको सुनना चाहते हैं। जैस ही हम उन्हें सन्तुष्ट कर पायेंगे इस स्कीम को भी हम बहुत जल्दी पूरा कर कामयाब होंगे।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, इसी तरह से प्रान्त में हर साल फ्लड आते हैं और उस से बहुत नुक्सार होता हैं, इस साल भी फ्लड से गुडगांवां में काफी नुक्सान हुआ। तो फ्लड की रोकथाम के लिय डिस्ट्रिक्ट में एक नाला हैं, उसके ऊपर 20 लाख रूपये के खर्चे से एक और बांध बनाया जा रहा हैं और उसके ऊपर दो तीन बांध बनाएगें ताकि आने वाले जमाने में गुडगांव जिले में बाढ़ की तरफ कोई तकलीफ न हो। इसी तरह से डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस तरह के कई और नाले हैं इन सबको को हमने गहरा किया हैं। रोहतक, करनाल और जीन्द जिलों में हमने बांध बांधने की भरसक कोशिश की, और हम बहुत हद तक उसमें कामयाब भी हुए हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, हांसी में भी बाढ़ की कोई तकलीफ

नहीं रहने देंगे क्योंकि फ्लड से यमुना नदी के किनारे हर साल नुक्सान होता हैं। वहां भी हमने काफी सुधार किये हैं, और इस साल गांव के लोगों ने बहुत रिलीफ महसूस किया हैं।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, अब मैं आपका ध्यान इलैक्ट्रीफिकेशन की तरफ ले जाऊंगा, जैसा मैंने कहा कि इस साल हमने 22 हजार ट्यूबवैल को कुनैक्शन दिया हैं यानी 31 मार्च तक हम 22 हजार ट्यूबवैल पूरे कर देंगे। डिप्टी स्पीकर साहिबा, पिछले 31 मार्च, 1966 को हमारे प्रान्त के सिर्फ 1251 गांवों को इलैक्ट्रीफाई किया गया था, अब हमने 1600 गांवो को 31 मार्च तक इलैक्ट्रीफाई कर देंगे। डिप्टी स्पीकर साहिबा, जब राव विरेन्द्र सिह जी की सरकार थी, जो जनसंघ के सदस्य डा0 मंगल सैन जी सरपरस्ती से चल रही थी, उस समय एक भी गांव में बिजली नहीं थी या एक भी गांव उन्होंनें इलैक्ट्रीफाई नहीं किया था। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आपकी खिदमत में यह अर्ज करना चाहता हूं कि हमारे प्रान्त की जो बिजली की टोटल कन्जम्पशन हुई हैं, उस में से 40 परसैंट ऐग्रीकल्चर के परपज के लिये खर्च हुआ। जो कि कन्ट्री में हाईऐस्ट परसैन्टज हैं। हमने इस समय 5 सब–स्टेशन 132 के बनाए हैं, 5 सब स्टेशन 66 के0 वी0 के बनाए हैं और 24 सब–स्टेशन 33 के0 वी0 के बनाये हैं। पूरे प्लान के पीरियड के लिए 97 सबस्टेशन बनायें। फोरथ फाईव इयर प्लान में 93 सब–स्टेशन कम्पलीट हो चुके है और अभी प्लान के पहले तीन साल बाकी हैं

डिप्टी स्पीकर साहिबा, बिजली को हमारी जो दूसरी अचीवमैंट हुई हैं, उनकी तरफ मैं आपका ध्यान दिलाना चाहूंगा। मैं आपको बताना चाहता हूं कि चौथी पंचवर्षीय योजना में हमारा 2853 किलोमीटर लाईन डालने का टारगेट था और अब से पहले 2973 किलोमीटर लाईन बिछ चुकी हैं और निश्चित टारगैट पूरा कर इससे आगे आ चुके हैं। करीब इस से डबल यानी 40,641 किलोमीटर लाइन की डिस्ट्रीव्यूशन हम कर चुके हैं। Total number of consumers to be bonifited from elecirfication in Forth Five Year Plan. इस से 4,04500 आदमियों को लाभ पहुंचना था, और उस वक्त 459590 आदमियों को फायदा दिया जा चुका हैं। चौथी प्लान का टारगैट भी पूरा कर चूके हैं, और तीन साल अभी बाकी हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस तरह से पब्लिक हैल्थ की तरफ हम देंखे तो 60 देहात के गांव को पीने का पानी दिया जा चुाक हैं।

उपाध्यक्षाः चौधरी साहब गांव में पीने का पानी तो दिया, क्या अम्बाला शहर के लिये भी कोई स्कीम हैं?

श्री बंसी लालः डिप्टी स्पीकर साहिबा, अब क्या कहूं 24 गांवों का हम 31 मार्च तक पानी दे देंगे और इस तरह से 84 गांवों को पानी दिया जायेगा। और 31 मार्च तक ही 4 शहरों को भी पानी दे दिया जाएगा।

उपाध्यक्षाः चौधरी साहब, इन शहरों में कौन से शहर शामिल हैं (व्यवधान)

श्री बंसी लालः यह सूचना मेरे पास अभी तो नहीं हैं, मैं आगे आपको बताऊंगा तो डिप्टी स्पीकर साहिबा , अब डिवैल्पमैंट की तरफ चलता हूं, जो बहुत अहम काम होता हैं। मैं सड़को के काम की तरफ आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। हमारे प्रान्त में सड़कें बनने के लिए जो रूपया हिस्से आता था उनसे ढाई सौ किलौमीटर से ज्यादा सड़के नहीं बनती थी पिछले साल हमने साढ़े तीन सौ किलोमीटर सड़के बनाई हैं। और इस चालू साल में 31 मार्च तक 800 किलोमीटर से ज्यादा सड़के होगी। अगले साल डिप्टी स्पीकर साहिबा, 1200 किलोमीटर तक सड़के बनेंगी। और इस तरह 68–70 में एक सौ किलोमीटर पर काम शुरू हुआ और अगले साल 70–71 में 460 किलोमीटर पर काम शुरू करेंगे।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, ऐजुकेशन की तरफ मैं आप का ध्यान दिलाना चाहता हूं। हमने एजुकेशन के अन्दर सुधार करने की कोशिश की। डिप्टी स्पीकर साहिबा, खान साहब ने फरमाया, गलतियां आदमियों से होती हैं, गल्तियों हम से भी होती हैं हम ने एजुकेशन में सुधार करने की बहुत कोशिश की , परन्तु हम पूरी तरह से उसमें सुधार नहीं कर सकें मैं इस बात से इन्कार नहीं करता। चालू साल में हमने पूरी तरह से उस में सुधार नहीं कर सकें मैं इस बात से इन्कार नहीं करता। चालू साल में हमने 152 स्कूल अपग्रेड किये हैं, प्राइमरी से मिडल या मिडल से हाई। तो डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह आम शिकायत थी कि बच्चे नकल करके पास होते हैं, उस से क्या होता हैं कि तालीम का स्टैंडर्ड

बहुत नीचा जाता हैं, हमने उसको ऊंचा करने की कोशिश की हैं। एक तो इस साल हमने सैन्टर कम किये और उनकी देखभाल ज्यादा की। पहले ऐसे होता था कि सेन्टर ज्यादा होते थे परिणाम स्वरूप उन की देखभाल अच्छी नहीं होती थी बच्चे नकल मारकर पास हो जाते थे। इस बार हम नकल करने की टैडैंसी को चैक करने जा रहे है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, चालू साल में ऐनअल प्लान आऊट–ले के लिये हमने 26 करोड़ रूपया रखा हैं लेकिन फाइनेंस कमिश्न कि रिपोर्ट से हमें कुछ और रूपया मिलेगा तो यह बढ़कर 34 करोड़ 46 लाख रूपया हो जायेगा और अगले साल के लिए आऊट–ले 46 करोड़ 50 रूपया होगी। डिप्टी स्पीकर साहिबा ऐग्रीकल्चार की तरफ अगर हाई यील्डिंग वरायटी के प्रोग्राम को देखें जिस में 8 लाख एकड़ जमीन पैदा की गई थी तो अब 13–40 जमीन में की गई हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, फर्टीलाईजर की कंजम्पशन पिछले साल 2.38 लाख टन हुई थी तो इस चालू साल में करीब 3 लाख टन होगी।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, हमारे प्रान्त में इम्पोटिड ट्रैक्टरों की बहुत कमी रही हैं पिछले साल सिर्फ 265 ट्रैक्टर डिस्ट्रीब्यूट किये गये थे तो इस साल एग्रो–इन्डस्ट्रीज कारपोरेशन द्वारा 775 इम्पोटिड ट्रैक्टर डिस्ट्रब्यूट किये जा रहे हैं। और इस तरह डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस साल हम अपने प्रान्त की अलग एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी बनाने मे कामीयाब हुए हैं हरियाणा में एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी बन चूकी हैं, उसके लिए हरियाणा सरकार ने 5 करोड़

रूपये का प्रोवीजर किया हैं। अगले साल में वह फुलफ्लेज्ड यूनिवर्सिट हो जाएगी।

अब मैं इंडस्ट्रीज की तरफ ध्यान दिलाना चाहता हूं। पिछले साल हमने 26 ऐप्लीकेशन्ज रिकमैंड की थी इंडस्ट्रियलिस्ट्स की इस साल 434 ऐप्लीकेशन्ज रिकमैंड की हैं। हमने इंडस्ट्रीज लगाने वालों को काफी सहूलियतें दी हैं जैसे सेल्स टैक्स माफ करना, जमीन सस्ती देना और मटीरियल लाने की फैसिलिटी देना आदि। और आप देखेंगे अगले सालों में हमारे प्रान्तों में बहुत अच्छी इंडस्ट्रीज लग जांएगी। ऐक्सपोर्ट में भी 67–68 से 68–69 में काफी इजाफा हुआ और 6 करोड़ और 44 लाख का माल भेजा गया । आगे और भी ज्यादा ऐक्सपोर्ट ट्रेड बढ़ जाएगी।

कुछ भाइयों ने हरिजनों के सुधार की चर्चा की। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं जानता हूं कि हरिजन सुधार में हम इतनी तेजी से नहीं बढे जितनी तेजी स हमें चलना चाहिए। यह तो मैं तस्लीम करता हूं मगर पिछली सरकारों से तो हम बहुत तेज से चले हैं। हमने हरिजनों कौ जमीने भी ज्यादा दी और दूसरी रियायतें भी ज्यादा दी हैं; इस वर्ष हम हरिजना फाईनेशल डिवैलपमैंट कारपोरेशन 1 करोड़ कल लागत फौर्म कर रहे हैं। इस कार्य की अहमियत मौजूदा सरकार ने जितनी समझी हैं उतनी पहले कभी नहीं समझी गई। पहले यह महकमा एक एच0 सी0 एस0 अफसर के मातहत होता था मगर हमने इस महकमें का एक

आइ0 ए0 एस0 अफसर लगाया हैं और उसको बाकायदा स्टाफ भी दिया हैं। जहां तक हरिजनों के लिए रिजर्वेशन का सवाल हैं या बैकवर्ड या मिलिट्री परसौनेल का ताल्लुक हैं, मैं इस बात के लिए अहमियत देता हूं । मैं एक मिसाल देना चाहता हूं कि जब कभी कोई वेकैंसी होती हैं तो उसे भरने के लिए पाबन्दी होती हैं और उसमें यह किया हुआ हैं कि अगर कोई वैंकेंसी हो जाए तो उसे फिल अप करने के लिए पहले चीफ मिनिस्टर से पूछा जाए लेकिन हमने यह फैसला किया हुआ हैं कि जितनी हरिजनों, बैकवर्ड क्लासिज या फौजियों की रिर्जव वैंकेसिज हैं उनको बगैर चीफ मिनिस्टर के पूछे फिल अप कर दिया जाए। बाकीयों के लिए पूछा जाए। हम डिप्टी स्पीकर साहिबा, पीरियडीकली रिव्यू करते हैं.....

उपाध्यक्षाः आप क्या हाउस को ऐक्सटैंड करवाएंगे।

श्री बंसी लालः देख लेंगे। तो डिप्टी स्पीकर साहिबा हाउस को यह ज्ञात होना चाहिए कि सर्विसिज में जितनी हरिजनों को रिजर्वेशन होती हैं उनती भर्ती की जाती हैं। अभी एक सदस्य ने कहा कि हरिजनों को कोई इम्पाटैंट पोस्ट नहीं दी जाती तो मैं बताना चाहता हूं कि एक लेबर कमिश्नर हरिजन हैं, ऐग्रो–इंडस्ट्रियल कारपोरेशन का मैनेजिंग डाइरैक्टर हरिजन हैं, पंचायतों को डाइरैक्टर हरिजन हैं, बी0 एंड आर0 का डिप्टी सैक्रटरी एक हरिजन हैं और ए0 आए0 जी0 ज्वाइंट डाइरैक्टर और सैक्रेटरी, एग्रीकल्चर मार्केटिग कोआपरेटिव बोर्ड, एस0 पी0 ट्रेफिक आदि कई और पोस्टें हैं जो अहमियत रखती हैं उन सब पर

हरिजन लगे हुए हैं। मैं अपोजीशन के उन भाइयों से पूछता हूं जो यह सवाल उठाते हैं कि हरिजनों को कोई महत्वपूर्ण पोस्ट नही दीं, जब वह सरकार में होते थे तो क्या वह एक चौथाई हिस्सा भी हरिजनों की रिजर्वेशन को लगवा पाते थे? नहीं। और आज हमें इस तरह की बातें कहते हैं।

इसी तरह एक भाई ने कहा कि चीफ मिनिस्टर तो जाट अफसरों को मारने पर लगा हुआ हैं या उन्हें विकेटमाइज करने पर लगा हुआ हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरी इंसाफ पंसन्दी का और क्या नमूना हो सकता हैं कि चाहे कोई जाट हो, हरिजन हो, ब्राह्मण हो, या कोई भी हो जो गलत काम करेगा उसे सजा मिलेगी किसी प्रोटैक्शन नहीं मिलती। तो डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं सदन को यह याद दिलाना चाहूंगा कि सरकार का हर जायज काम मैंरिट्स पर होता हैं।

एक मानयोग सदस्य की ओर से कहा गया कि चीफ मिनिस्टर साहब के खिलाफ बहुत ज्यादा रिंटे हैं और स्ट्रिक्चर पास हुए हैं। यह मैं मानता हूं कि रिट्स तो हुई लेकिन रिट दायर करने के लिए अपोजीशन की तरफ से एक बाकायदा तहरीक थी इसलिए रिटें दायर करवाई गई। जहां तक रिटों के फैसले का ताल्लुक हैं वह बात मैं सदन में नही कहना चाहता क्योंकि जो केसिज सबजुडिस हैं उनका जिक्र हाउस में नही होना चाहिए।

EXTENSION OF TIME

उपाध्यक्षा: हाउस का टाइम 15 मिनट के लिये बढ़ाया जाए, क्या सब ऐग्री करते हैं?

एक साथ आवाजें : हां बढ़ दिया जाए

सिटिंग 15 मिनट के लिए बढ़ाई जाती हैं

RESUMPTION OF DISCUSSION ON THE GOVERNOR'S ADDRESS

श्री बंसी लाल: यह इल्जाम सरकार पर लगाया गया कि दिल्ली रैली में लोगों को भेजने के लिए सरकार ने अपनी ट्रांस्पोर्ट की फैसिलिटीज ऐक्सटैंड कीं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, जनता अपने आप दिल्ली गई । सरकार उस रैली से कोई वास्ता नहीं था।

श्री जयसवाल जी ने भी एक बात कहीं कि सरकार उनके साथ कोई ज्यादती नहीं करती। रही है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, सरकार किसी के साथ कोई ज्यादती नहीं करती। कानून कायदे के मुताबिक जो उनको मौलसिज मिलना चाहिएं वह जरूर मिलेगी होंगी। मेरे पास डिटेल्ज तो नहीं हैं। मैं यह बात ज्यादा जानता हूं। फाइनेंस मिनिस्टर साहिबा, बजट के वक्त क्लेरिफाइ करेंगी। मगर इतना जरूर जानता हूं कि सरकार का कोई इरादा नहीं हैं कि उनकी डिस्टलरी के साथ कोई ज्यादती की जाए। सरकार का जहां तक ताल्लुक हैं वह हर इंडस्ट्रियलिस्ट के साथ पूरी तरह से इंसाफ करेगी और श्री जयसवाल के साथ भी पूरा इंसाफ किया जाएगा इन्होंनें कहा **(7.00 P.M.)** की मौलसिज ब्लैक

मारकिट में बेचे जाते हैं लेकिन यह बात बिल्कुल गलत और निराधार हैं। हमारी स्टेट में कोई मौलसिज ब्लैक मारकिट में नहीं बेचे जाते और आज तक इस बात की शिकायत मेरे नोटिस में नहीं आई, यह पहली बार श्री जयसवाल से ही सदन में सुना गया हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, इसी तरह और भी बहुत सी बातें अपोजीशन के मैंबरों ने सदन में कहीं। इनके पास कोई ठोस बातें करने को नहीं थी मासवाए नुक्ताचीनी करने के और वह भी बेबुनियाद। डिप्टी स्पीकर साहिबा, जितना सरकार का हाथ होना चाहिए स्टेट को ऊपर उठाने के लिए अपोजीशन को रोल भी उतना ही इम्पाटेंट होता हैं, मगर अपोजीशन का रोल यह नहीं होता कि राज्यपाल भाषण देने लगे या सरकार की तरफ से जवाब आने लगे तो वे बाहर उठकर चले जाएं। उनको चाहिए था कि वे अपने फर्ज पूरा करते, ठीक ढंग से नुक्ताचीनी करते और साथ में सुझाव देते कि यह हल हो सकता हैं लेकिन ऐसा करने की बजाए इन्होनें केवल व्यक्तिगत कीचड़ उछालने की कोशिश की। एक मांग यह भी की गई कि जुडिश्यल इन्क्वायरी की जाए। डिप्टी स्पीकर साहिबा, अगर सरकार यह समझती हैं कि किसी किस्म की फोर्स इस्तेमाल करने में कोई एक्सैस हुई हैं, कहीं गलत लाठी चार्ज हुआ हो या नाजायज गोली चलाई गई तो सरकार इस बात से पूरी तौर पर सैटिस्फाइड हैं कि अथारिटीज जो हमारे सूबें में ला एंड आर्डर को कायम रखने में लगी हुई हैं उन में से किसी ने जरूरत से ज्यादा फोर्स का इस्तेमाल नही किया। इसलिये कोई जुडिश्यल इन्क्वायरी नहीं करवाई जा सकती। डिप्टी स्पीकर

साहिबा, कोई 85 के करीब हमारे आफिसर्ज हैं जिन में कि डी0 एस0 पीज0, एस0 डी0 ओज0, और थानेदार हैं जो कि जख्मी हुए जिन को सिरों पर लाठियां खानी पड़ी, उस वक्त तक भी गोली नहीं चलाई गई, लेकिन अगर कोई आदमी उनको मारने पर उतर आए तो सैल्फ डिफैंस में गोली चलानी ही पड़ती हैं। इसके लिए जिम्मेदार कौन हैं? उस के लिए जिम्मेदार वह आदमी हैं जो आज उनकी ज्यादा वकालत करते है। डिप्टी स्पीकर साहिबा जब चण्डगढ़ का फैसला देहली मैं हो रहा था उस वक्त यह जितने भी अपोजीशन के लीडर हैं वे स्टेट में आग भड़काने मैं लगे हुए थे। वे न देहली जा कर किसी को मिले और न ही इन्होंनें कोई कोशिश की । जनसंघ पार्टी यहां बड़े जोर से नारा लगाती हैं कि चण्डीगढ़ हमारा हैं, मैं कहना नही चाहता था लेकिन अगर न कहा जाय तो बात अधेंरें में रह जाएगी। जनसंघ के प्रधान श्री अटल बिहारी वाजपेयी मेरे मित्र हैं। जब अपोजीशन के लीडरों से मिलने के लिए और उनको यह बताने के लिए, हमारा केस सही हैं, मैं वहां गया तो मैं श्री वाजपेयी से भी मिला। उन्होंनें मुझ को एक बात कही थी और मैं दाद देता हूं उनको जिन्होंनें मेरे मुंह पर सच्ची बात कही। उन्होंनैं मुझ को कहा कि आज तुम मेरे पास आ गए हो लेकिन आप का केस तो उसी दिन कमजोर हो गया था जिस दिन शाह कमिशन की रिर्पोट मानकर खरड़ तहसील पंजाब को दे दिया गया था और चंडीगढ़ यूनियन टैरटरी बना दिया था तो मैं अपने भाइयों से पूछना चाहता हूं कि क्या उन्होंनें अपनी पार्टी को सर्पोट देने के लिए मनाया? इस के इलावा इन की पार्टी

के जनरल सेक्रेटरी हैं श्री यज्ञ दत्त शर्मा। शायद उनके लैटर की कापी भी मेंरे जेब में हो। प्रधानमंत्री को एक लैटर उनकी ओर से लिखा गया था जिस पर पार्लियामेन्ट के कई मेम्बरों ने दस्तखत थे जिस में यह कहा गया था कि चंडीगढ़ पंजाब को दिया जाए। उनमें श्री यज्ञ दत्त शर्मा एक सिगनेटरी थे। इस के इलावा कांग्रेसव आर्गेनाइजेशन के नेता श्री राम सुभाग सिंह ने भी स्टेटमैंट दिया था कि संत फतेह की जान बचाई जाए उन्होंनें रिर्पोट दी। डिप्टी स्पीकर साहिबा, जैसे मैंने पहले भी अर्ज कि कि यह सरकार चण्डीगढ़ यूनियन टैरीटरी के कुछ गांव लेने में और फाजिल्का के 106 गांव लेने में कामीयाब हुई तो उन से हमारा स्कोर अच्छा हैं। यह जनसंघ के भाई जो इस वक्त शोर करते है वे उस वक्त कम्युनिस्टों के साथ चंडीगढ़ के इशु पर एक थे। इसलिए मैं समझता हूं कि इन्होंनें बहुत सी बेबुनियाद और निराधार बातें कही। इस के इलावा एक अकाली मैंबर ने कहा कि हरियाणा सरकार ने गुरूद्वारा की बेइज्जती करवाई हैं, मैं कहता हूं कि यह बात बिल्कूल गलत हैं, हम गुरूद्वारों की उतनी ही इज्जत करते हैं जितनी की मन्दिर, मस्जिद या गिर्ज की, क्योंकि भगवान एक हैं और उसके खिलाफ किसी का भी झगड़ा नहीं हो सकता। सरकार ने न गुरूद्वारों की बेइज्जती करवाई हैं और नही गुरूद्वारों की बेइज्जती होने देगी। हर गुरूद्वारा की फुल प्रोटैक्शन की जाएगी और मैं यह बताना चाहता हूं कि जिन गुरूद्वारों का नुकसान हुआ हैं वह सरकार पूरा किया हैं। एक सदस्य ने यह बात कही कि पंजाबी बोलने वाले इलाके कुछ हरियाणा में हैं जहां

पर लोगों के झूठे अगूठे लगवाए गए कि यह इलाका हरियाणा में रहना चाहिए। यह बात गलत हैं हमारे सूबे में किसी के साथ भी यह ज्यादती नही हुई हर आदमी को खुली छुट हैं कि वह अपने बात खुले तौर से कह सकें। गुरूद्वारों वाली बात किसी पुलीटीकल मोटिव को लेकर कही गई हैं। इसमें सदकाम कोई नही हैं। जहां तक सिखों का सवाल हैं डिप्टी स्पीकर साहिबा सिख और हिन्दु मैं दो नही मानता। चाहे हिन्दु हो, मुसलमान हो, सिख हो या ईसाई हो, पारसी हो, जैनी हो या बुद्ध हो, किसी में कोई फर्क नहीं हैं सब एक हैं। मैं हरियाणा की जनता को इस बात की बधाई देता हूं कि इतना झगड़ा हो जाने के बाद किसी झगड़े ने कम्युनल शेष नहीं ली (सरकारी बैचों की तरह प्रशंसा) में इस बात के लिये हरियाणा की जनता को भी बधाई देता हूं । डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं कुछ और कहना चाहता था लेकिन अब टाइम हो गया हैं इसलिये इन शब्दों के साथ मैं सदन से प्रार्थना करूंगा कि राज्यपाल महोदया को उनके ऐड्रैस के लिये थैंकस दिया जाये।

(प्रशंसा)

Deputy Speaker: Now, I will put the amendments and the main motion to the vote of the House. The first amendments stand in the name of Rao Birender Singh.

Question is

That at the end of motion, the following be added, namely, -

"But regret that no mention has been made of the brutal police firing resulting in the death of dozens of Haryana including small children of the need for judicial inquiry in the matter."

The motion was lost.

Deputy Speaker: Now, I will put the following be added, namely,

"but regret that the Government after having to represent the sentiments of the public resorted to firing by Military, Border Security Force and Central Reserve Police without any reason on the unmared persons wihout any reason. Moreover, it has played with the sentiment of the public by resorting to lathi charge and tear gas in the peaceful meeting which was being held at Sonepat yesterday on 15th February] 1970 to felicater Chh Rizaq Ram, Ex M.P. and by arrestion him."

The motion was lost.

Deputy Speaker: Now I will put the main motion before the House.

Question is –

That an address be presented to the Government in the following terms:-

"That the Members of the Haryana Vidhan Sabha assembled this Session are deeply grateful to the Governor for the Address which he has been pleased to deliver to the House on the 13th February] 1970"

The motion was carried.

Deputy Speaker: The House stands adjourned till 2.00 P.M. tomorrow.

(7.12 P.M)

The Sabha then adjourned till 2.00 P.M. on Thursday, the 19th February] 1970.